श्री काशी संस्कृत ग्रन्थमाला ८

अलङ्कारप्रदीपः

पर्वतीय-विश्वेश्वरपण्डित-विरचितः

नेपालदेशीय-
विष्णुप्रसादभण्डारिणा
संशोधितः

सम्पादकोऽनुवादको भूमिकादिलेखकः
राष्ट्रपतिपुरस्कृतः
डॉ० महाप्रभुलालगोस्वामी

चौखम्भा संस्कृत संस्थान
भारतीय सांस्कृतिक साहित्य के प्रकाशक तथा विक्रेता
पो० आ० चौखम्भा, पो० बाक्स नं० ११३९
जड़ाव भवन, के. ३७/११६, गोपाल मन्दिर लेन
वाराणसी (भारत)

CC0. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CCO. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

॥ श्रीः ॥

काशी संस्कृत ग्रन्थमाला

८

अलङ्कारप्रदीपः

पर्वतीय-विश्वेश्वरपण्डित-विरचितः

नेपालदेशीय-

विष्णुप्रसादभण्डारिणा

संशोधितः

सम्पादकोऽनुवादको भूमिकादिलेखकः

राष्ट्रपतिपुरस्कृतः

डॉ० महाप्रभुलालगोस्वामी

चौखम्भा संस्कृत संस्थान

भारतीय सांस्कृतिक साहित्य के प्रकाशक तथा विक्रेता

पो० आ० चौखम्भा, पोस्ट बाक्स नं० ११३९

जड़ाव भवन, के. ३७/११६, गोपाल मन्दिर लेन

वाराणसी (भारत)

CCO. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

प्रकाशक : चौखम्भा संस्कृत संस्थान, वाराणसी
मुद्रक : श्रीगोकुल मुद्रणालय, वाराणसी
संस्करण : द्वितीय वि० सं० २०४३ (प्रथम बार हिन्दी टीका सहित)
मूल्य : रु० ३५–००

© चौखम्भा संस्कृत संस्थान, वाराणसी
इस ग्रन्थ के परिष्कृत तथा परिवर्धित मूल-पाठ
एवं टीका, परिशिष्ट आदि के सर्वाधिकार
प्रकाशक के अधीन हैं।

फोन : ६५८८९

अन्य प्राप्तिस्थान
चौखम्भा विश्वभारती
पोस्ट बाक्स नं० १०८४
चौक, (चित्रा सिनेमा के सामने)
वाराणसी–२२१००१ (भारत)
फोन : ५४७६६

CCO. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

THE
KASHI SANSKRIT SERIES
8°
*****

ALANKĀRAPRADĪPA

OF

PARVATIYA VIŚVEŚVARA PANDIT

Edited by
VIŚNUPRASĀD BHANDĀRI OF NEPAL

Re-edited with Hindi Translation and Preface etc.
By
Dr. MAHAPRABHULĀL GOSWĀMI
(Awarded by President)

CHAUKHAMBHA SANSKRIT SANSTHAN
Publishers and Distributors of Oriental Cultural Literature
P. O. Chaukhambha, Post Box No. 1139
Jadav Bhawan, K. 37/116, Gopal Mandir Lane
VARANASI (INDIA)

CCO. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

© *Chaukhambha Sanskrit Sansthan, Varanasi*

Phone : 65889

Second Edition : 1987

(First time with Hindi Commentary)

Price : Rs. 35-00

Also can be had of

CHAUKHAMBHA VISVABHARATI

Post Box No. 1084

Chowk (Opposite Chitra Cinema)

VARANASI-221001

Phone : 54766

Printers :—

SRIGOKUL MUDRANALAYA

Gopal Mandir Lane

Varanasi-221 001

CCO. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

प्रस्तावना

कुवलयानन्दादिसदृशः केवलार्थालङ्कारनिरूपकोऽयं प्रबन्धः। अस्य च कर्ता सर्वतन्त्रस्वतन्त्रपाण्डितीको नानानिबन्धकर्ता कूर्माचलदेशीयः पाण्डेयकुलभूषणो विश्वेश्वरावतारो विश्वेश्वरपण्डितः। अस्य समयादीतिवृत्तं मुद्रयिष्यमाणैतदीयनिबन्धान्तरे यथावसरं निवेशयिष्यत इति तत एवावगन्तव्यम्। अत्र च ग्रन्थकर्त्रा सरलैः सङ्क्षिप्तैः सूत्रभूतैर्वाक्यैरलङ्कारलक्षणानि तथा प्रतिपादितानि यथा सुकुमारमतयोऽपि क्लेशलेशं विनाऽलङ्कारतत्त्वमवबुद्ध्येयुः। उदाहृतानि स्वकृतान्येव पद्यानि, अव्याप्त्यतिव्याप्तिबाध्यबाधकभावादिगहनः शास्त्रीयो विचारो न प्रचारित इति च विशेषः।

पत्र ( ) एतच्चिह्नमध्यपातिन्यः पङ्क्तय आदर्शपुस्तकेऽविद्यमाना अप्यपेक्षिता इति स्थापिताः।

आदर्शपुस्तकस्य नातिशुद्धस्यैकस्यैव लाभात्तदाधारेण मुद्रयितुमारब्धे सपरिश्रमं परिशोधितेऽप्यस्मिन् मानुष्यकनान्तरीयेषु स्खलितेषु भवन्तु क्षमाशीला ग्रन्थतत्त्वमात्रग्रहिलाः सहृदया इति।

निवेदयते

काशी — नेपालदेशीयो

३०–४–२३ — विष्णुप्रसादभण्डारी

CCO. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CCO. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

आचार्य विश्वेश्वर

पर्वतीय विश्वेश्वर पण्डित का जन्म अल्मोड़ा से उत्तर दिशा की ओर पटिया नाम के ग्राम में हुआ था। इनके पिता का नाम पण्डित लक्ष्मीधर पाण्डेय था। ये अनेक विद्याओं में पारङ्गत विद्याव्यवसाय एवं सत्कर्म में निरत रहते थे। दैवदुर्विपाक से इन्हें सन्तति नहीं थी। निरपत्यतादुःख से खिन्न द्विजाग्रणी अपनी पतिव्रता पत्नी के साथ शङ्कर से प्रतिष्ठित गङ्गातरङ्ग से परिपूत विविध कामना की पूर्तिदायिनी काशी में आकर मणिकर्णिका के समीप रहकर आशुतोष शीतांशुशेखर को सन्तुष्ट करने की अभिलाषा से पार्थिवलिङ्ग की अभ्यर्चना करते हुए कोटिलिङ्ग की अर्चना सम्पन्न की। किसी दिन गत-प्राय-रात्रि होने पर निद्रामुद्रित नेत्र-लक्ष्मीधर ने स्वप्न में वृष पर आरूढ़ प्रसन्नवदना गिरिजा के साथ विश्वनाथ ने समीप आकर कहा, वत्स ! तुमको पुत्र होगा, यह वरदान प्राप्त कर पत्नी को परमानन्द पूर्वक सूचित किया। सातवें मास में ही शुभमुहूर्त में पुत्ररत्न का जन्म हुआ।[1] पञ्चम वर्ष में यज्ञोपवीत होने के बाद आचार्य विश्वेश्वर विधिपूर्वक अध्ययन करते हुए कुछ ही काल में सभी विद्याओं में विलक्षण विपक्ष प्रतिभा के धनी हो गये। व्याकरण, न्याय, साहित्य आदि शास्त्रों में प्रगाढ़ पाण्डित्य की प्राप्ति की।

इनके रचित ग्रन्थः—

(१) व्याकरणसिद्धान्त-सुधानिधि
(२) तर्ककौतूहल
(३) अलङ्कारकौस्तुभ
(४) अलङ्कारप्रदीप
(५) अलङ्कारमुक्तावली
(६) नैषधभावप्रकाशिका
(७) रसचन्द्रिका
(८) मन्दारमञ्जरी (गद्यकाव्य)
(९) रुक्मिणीपरिणय
(१०) आर्यासप्तशती आदि।

१. 'श्रीलक्ष्मीधर विबुधावतंसचरणाब्जरेणुकणः' रसचन्द्रिका श्लो. सं. २

अलङ्कार-कौस्तुभ के अनेक स्थलों में रसगङ्गाधर प्रणेता पण्डितराज जगन्नाथ की चर्चा मिलने से इनका समय सत्रहवीं शती के शेष में या १८वीं शती के प्रारम्भ में मानना उचित है।

अलङ्कारशास्त्रः—

अलङ्कार की प्राचीनता पर दृष्टिपात करने से इसको वेद का समानकालीन या अपौरुषेय ही मानना पड़ेगा। ऋक्संहिता के ऋषि वसिष्ठ ने

CCO. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

इन्द्र से जिज्ञासा की है—काले अस्त्यरंकृतिः सूक्तैः—हे इन्द्र सूक्तों में ऐसी कौन सी अलंकृति है, कौन सी सारवत्ता है, कौन सी आपूर्ति है, कौन सी उपलब्धि है। इस जिज्ञासा से अलङ्कार के विषय में जिज्ञासा ही अवगत होती है। र और ल में अभेद होने से 'अलम्' की उक्ति वेद में 'अरम्' शब्द से की गई है। यह गत्यर्थक ऋ धातु से निष्पन्न हुआ है। गति का ज्ञान, प्राप्ति आदि अनेक अर्थ होते हैं। अनन्तर उपमा शब्द से अलङ्कार का निर्देश या एक के निरुक्त में गार्ग्य का मत उद्धृत करते हुए उपलब्ध होता है।

आचार्य पाणिनि आदि वैयाकरणों के समय से उपमा का अलङ्कार के रूप में विश्लेषण स्पष्ट रूप में मिलता है। इस प्रकार अलङ्कार का सूक्ष्म-निर्देश वैदिक काल से ही उपलब्ध है जिसका विवरण आचार्यों के ग्रन्थों में मिलता है।

संस्कृत साहित्य और अलंकार

भारतीय काव्यशास्त्र का प्रारम्भ कब हुआ यह अत्यन्त विवादास्पद प्रश्न है किन्तु, अन्य शास्त्रों की भाँति काव्य का भी मूलाधार वेद ही है। साहित्य के चारुत्वाधान की सभी सामग्रियों का प्रयोग वेद की ऋचाओं में ही उपलब्ध हो जाता है। अतः, लौकिक साहित्य का आदि काव्य रामायण है और मूल एवं अनादि काव्य वेद ही है। इसी दृष्टि से साहित्यशास्त्र के मूल सिद्धान्तों का वेदों में अन्वेषण करने का यत्न किया गया है। साक्षात् साहित्यशास्त्र का वेदों से साक्षात् कोई सम्बन्ध नहीं है। वेदांगों में भी शिक्षा, कल्प व्याकरण निरुक्त, छन्द और ज्योतिष इन ६ विद्याओं की गणना की गई है, पर उनमें साहित्य का नाम नहीं आता। इसलिए वेद और वेदांगों से साहित्यशास्त्र का साक्षात् सम्बन्ध नहीं है फिर भी वेद को 'देव का अमर काव्य' कहा गया है—'देवस्य पश्य काव्यं न ममार न जीर्यति' इस वैदिक वचन में 'देव के काव्य' के रूप में वेद का ही निर्देश किया गया है और वेद के निर्माता परमात्मा के लिए वेदों में अनेक जगह 'कवि' शब्द का प्रयोग किया गया है। इसलिए वेद स्वयं काव्य रूप है और उसमें काव्य का सम्पूर्ण सौन्दर्य पाया जाता है। फलतः वेद काव्यशास्त्र का लक्ष्य ही है। इसलिए काव्यसौन्दर्य के निरूपक साहित्यशास्त्र में काव्यसौन्दर्य के आधायक जिन गुण, रीति, अलंकार, ध्वनि आदि तत्त्वों का विवेचन किया गया है ये सभी तत्त्व मूलरूप में वेद में पाये जाते हैं।

CCO. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अलंकार के लिए ऋग्वेद में 'अरंकृत', 'अरंकृति' एवं अरंकृत् शब्दों का प्रयोग मिलता है। उपमा और रूपक आदि अलंकारों की तो वेदों में भरमार है। एक-एक मन्त्र में अनेक जगह रूपक और उपमा आदि का प्रयोग देखा जा सकता है—

'उतत्वः पश्यन् न ददर्श वाचं उतत्वः शृण्वन् न शृणोत्येनाम् ।
उतो त्वस्मै तन्वं विसस्रे जायेव पत्ये उषती सुवासा ।।'

इस ऋचा के उत्तरार्ध में उपमा अलंकार का भी चमत्कार पाया जाता है। अनेक लोग विद्या पढ़ते हैं पर उसका रहस्य खुलता नहीं, अनेक लोग महत्त्व की बातें सुनते हैं पर उनका भाव समझ में नहीं आता। ऐसे ही लोगों को तथ्य में रखकर मन्त्र में कहा गया है 'उतत्वः पश्यन् न ददर्श वाच'। 'त्व' अर्थात् कुछ लोग ऐसे हैं जो देखते हुए भी वाणी के स्वरूप को नहीं देख पाते हैं और 'शृण्वन् अपि न शृणोत्येनां' सुनकर भी उसको सुन नहीं पाते हैं। ये दोनों विरोधाभास के कितने सुन्दर उदाहरण हैं। तीसरे वे लोग हैं जिनके सामने वाणी अपना सारा सौन्दर्य इस प्रकार खोल देती है जिस प्रकार सुन्दरतम वेशभूषा में अलंकृत होकर पत्नी अपने पति के सामने अपने सौन्दर्य को पूर्णरूप में प्रदर्शित करती है। उतो त्व स्मै तन्वं विसस्रे जायेव पत्य उषती सुवासा' इस उपमा का पूर्व प्रदर्शित ही भाव है। वह कितनी सुन्दर उपमा है। इसके व्यतिरिक्त बहुत से अलंकारों के उदाहरण ऋग्वेद की ऋचाओं में मिलते हैं।

उपनिषदों में भी कुछ अर्थालंकारों के उदाहरण मिलते हैं। निम्नलिखित मंत्रों में रूपक अलंकार पाया जाता है—

आत्मानं रथिनं बिद्धि शरीरं रथमेव तु ।
धनुर्गृहीत्वौपनिषदं महास्त्रं शरं ह्युपासानिशितं संधयीत ।
आयम्य तद्भावगतेन चेतसा लक्ष्यं तदेवाक्षरं सोम्य बिद्धि ।।

पाणिनि के (५०० ई० पू०) समय में उपमा की यही शास्त्रीय कल्पना सर्वत्र स्वीकृत की गयी थी। इसीलिए पाणिनि की अष्टाध्यायी में उपमा, उपमान, उपमित तथा सामान्य बचन जैसे अलंकार शास्त्र के पारिभाषिक शब्दप्रयुक्त किये गये हैं। पूर्ण उपमा के चार अंग होते हैं—उपमान, उपमेय सादृश्यवाचक तथा साधारण धर्म। इन चारों का स्पष्ट निर्देश पाणिनि ने अपने व्याकरण शास्त्र में किया है। पतञ्जलि ने पाणिनि के द्वारा प्रयुक्त 'उपमान' शब्द की व्याख्या महाभाष्य में (२।१।५५) की है। उनका कहना है कि उपमान वह वस्तु है जो किसी अज्ञात वस्तु के निर्धारण के लिए

CCO. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

प्रयुक्त की जाती है। 'उपमान' मान के समान होता है और वह किसी वस्तु का अत्यन्त रूप से नहीं, प्रत्युत सामान्य रूप से निर्देश करता है, जैसे-'गौरिव गवयः' अर्थात् गाय के समान नीलगाय होती है।

इसके अतिरिक्त बादरायण के वेदान्तसूत्रों में उपमा और रूपक शब्दों की परिभाषा मिलती है। अप्पयदीक्षित ने चित्रमीमांसा में कहा है कि बादरायण ने शारीरकसूत्र में रूपक अलंकार स्वीकार किया है।

रामायण के रचयिता महर्षि बाल्मीकि संपूर्ण साहित्य के आदिकबि ही नहीं वरन् आदिम आलोचक भी थे। व्याध के बाण से विधे हुए क्रौंच के लिए विलाप करती हुई क्रौंची के क्रन्दन को सुनकर जिन बाल्मीकि के मुंह से यह श्लोक निकला—

'मा निषाद प्रतिष्ठां त्वमगमः शाश्वतीः समाः।
यत्क्रौंचमिथुनादेकमवधीः काममोहितम् ॥
इसे कोई सच्चा कबि हीं कह सकता है।

इतिहासतत्त्ववेत्ता के आधार पर प्रथम महाकाव्य के रचयिता महर्षि पाणिनि है। इनका 'जाम्बवती परिणय' नामक महाकाव्य है। पतञ्जलि ने बररुचि के द्वारा निर्मित 'बाररुचं काव्यम्' का उल्लेख अपने भाष्य में किया है। बौद्ध कवि अश्वघोष ने 'सौन्दरनन्द' और 'बुद्धचरित' दो महाकाव्यों में अनुप्रास, यमक, उपमा, उत्प्रेक्षा इत्यादि अनेक अलंकारों की रमणीय योजना पाई जाती है। उत्प्रेक्षा अलंकार का एक उदाहरण निम्न-प्रकार है—

'इमाश्च विक्षिप्तविटंकबाहवः प्रसक्तपारावतदीर्घनिःस्वनाः।
विनाकृतास्तेन सहावरोघनैर्भृशं रुदन्तीव विमानपंक्तयः ॥'

इस उदाहरण में उत्प्रेक्षा अलंकार के साथ-साथ 'विक्षिप्तविटंकबाहवः' तथा 'प्रसक्तपारावतदीर्घनिःस्वनाः' में रूपकालंकार भी है। 'अवरोघनैः सह' के प्रयोग में सहोक्ति की भी छटा दिखाई पड़ती है। 'रुदन्तीव' में स्पष्टतः वस्तूत्प्रेक्षा है।

अश्वघोष तथा कालिदास के काव्यों के बीच में कुछ शिलालेख मिले हैं। इस युग के कवियों में हरिषेण तथा वत्सभट्टि का नाम उल्लेख योग्य है। हरिषेण ने ३५० ई० के आसपास समुद्रगुप्त के दिग्विजय का वर्णन गद्य-पद्य मिश्रित भाषा में किया है। परन्तु इससे दो सौ वर्ष पहले ७२ शकसंवत् (१५० ई०) में निबद्ध रुद्रदामन का गिरनार पर्वत पर लिखित शिलालेख

CCO. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

भाषा के सौन्दर्य तथा प्रवाह के कारण गद्य-काव्य का आनन्द देता है। रुद्रदामन् के शिलालेख में हमें यमक की छटा मिलती है तथा लेखक ने अलंकृत गद्य-पद्य का संकेत किया है :—

सर्वक्षत्राविष्कृतवीरशब्दजातोत्सेकाविधेयानां यौधेयानां प्रसह्योत्सादेन··· ···शब्दार्थगांधर्वन्यायाद्यानां विद्यानां महतीनां पारणधारणविज्ञानप्रयोगावाप्त-विपुलकीर्तिना······स्फुटमधुरचित्रकान्तसमयोदारलङ्कृतगद्यपद्य······मधिग-तमहाक्षत्रपनाम्ना नरेन्द्रकन्यास्वयंवरानेकमाल्यप्रदाम्ना महाक्षत्रपेण रुद्र-दाम्ना ······ ।

(रुद्रदामन् का गिरनार शिलालेख) ।

इस गद्य खण्ड के द्वारा यह प्रमाणित होता है कि ईसा की दूसरी शती तक काव्य के दो भेद गद्य एवं पद्य के रूप में मान्य हो चुके थे और अलंकारों तथा गुणों का भी निरूपण हो चुका था ।

अलंकार का लक्षण

अलंकारशब्द 'अलम्' और 'कार' दो शब्दों से बना है। 'अलम्' शब्द ऋकसंहिता में 'अरम्' के रूप में मिलता है। अलंकार पद की व्युत्पत्तियां तीन तरह से दी जाती है—अलंकरोतीति, अलंक्रियते अनेन इति, अलंकृतिः अलंकरणं वा अलंकारः। एस० एन० दास गुप्ता ने अलंकार पद को ग्रीक ऑरम शब्द से व्युत्पन्न माना है। जिसका अर्थ सुवर्ण होता है। इस प्रकार अलंकार पद का शब्दार्थ सुवर्णीकरण है। जिससे अंग की तथा उसके द्वारा अंगी की शोभावृद्धि होती है उसे अलंकार कहते हैं। जिस प्रकार लोक में कटक, कुण्डल आदि अलंकारों के द्वारा कामिनी के शरीर विभूषित होता है उसी प्रकार कविता रूप कामिनी का सौन्दर्य उपमादि अलंकारों के द्वारा बढ़ जाता है। काव्य के शरीरभूत धर्म हैं शब्द और धर्म। अलंकारों के द्वारा शब्द और अर्थ की शोभावृद्धि होती है। इस प्रसंग में आचार्य अभिनवगुप्त का कथन अतिशय तल स्पर्शी है। यद्यपि उपमा इत्यादि के द्वारा वाच्यार्थ ही अलंकृत किया जाता है तथापि रस को उसके वाच्यार्थ को अलंकृत करने का यही अर्थ है कि वह वाच्यार्थ में व्यंग्यार्थ के अभिव्यक्त करने की शक्ति का आधान कर देता है। इस प्रकार वस्तुतः अलंकार्य ध्वन्यात्मक रस इत्यादि ही होते हैं। लोक में कटक, कुण्डल इत्यादि आभूषण होते हैं। उनका समवाय-सम्बन्ध शरीर से ही होता है। (अर्थात् शरीर को आभूषित करने

CC0. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

के कारण ही आभूषणों को आभूषण कहा जाता है। समवाय सम्बन्ध का अर्थ है नित्यसम्बन्ध। यहाँ पर 'आभूषणों का शरीर से समवाय सम्बन्ध होता है' यह वाक्य कहा गया है। इसका आशय आभूषणों का शरीर पर नित्य धारण किया जाना नहीं है अपितु उसका अर्थ यह है कि आभूषणों में आभूषणत्व धर्म का प्रयोजक यही तत्त्व है कि आभूषण शरीर को आभूषित करते हैं।) इन लौकिक आभूषणों के द्वारा चेतन आत्मा ही अलंकृत की जाती है क्योंकि आभूषण विशेष प्रकार की चित्तवृत्तियों के औचित्य को सूचित करते हैं। (नवयुवक के शरीर पर धारण किये हुए कटक कुण्डल इत्यादि उस युवक की रागात्मक चित्तवृत्ति को सूचित करते हैं। इसी प्रकार सन्यासी के शरीर पर धारण किये हुए काषाय वस्त्र, दण्ड इत्यादि उसकी वैराग्यमयी चित्तवृत्ति के द्योतक होते हैं।) वह इस प्रकार समझिये-यदि कुण्डल इत्यादि किसी शव के शरीर पर सजाये जावें तो भी उनकी शोभा नहीं होती, क्योंकि उसमें अलंकार्य चेतना तो है ही नहीं। इसी प्रकार यदि किसी सन्यासी के शरीर पर कटक इत्यादि सजा दिया जाय तो वह एक उपहास की वस्तु ही हो जायेगी क्योंकि वहाँ पर अलंकार्य अनुचित है। शरीर तो सब के एक से ही होते हैं उनके लिए कोई चीज उचित या अनुचित नहीं होती। अर्थात् जो आभूषण एक शरीर को आभूषित कर सकते हैं वे किसी भी दूसरे शरीर को आभूषित कर सकते हैं, उनके लिए कोई वस्तु उचित या अनुचित नहीं कही जा सकती है। वस्तुतः अलंकार्य तो आत्मा ही होता है। क्योंकि लोग कहा ही करते हैं कि 'मैं अलङ्कृत हो गया'। 'मैं' शब्द का प्रयोग तो आत्मा के लिए ही होता है। आशय यह है कि कटक इत्यादि आभूषण रागित्व के औचित्य को प्रकट करते हैं। यति की आत्मा का रागी होना अनुचित है। अतएव यति के शरीर पर विद्यमान कटक कुण्डल इत्यादि हास्यावह होते हैं। इससे निष्कर्ष यह निकला कि विभिन्न शरीरों में विद्यमान कटक कुण्डल इत्यादि के द्वारा रागित्व इत्यादि विशेष प्रकार की चित्तवृत्ति की सूचना मिलती है। यदि वह चित्तवृत्ति उस आत्मा के अनुकूल हो तो धारण किया हुआ अलंकार वास्तविक अलंकार का काम देता है। अन्यथा हास्यावह हो जाता है। यह तो लौकिक प्रमाण हुआ। इसके अतिरिक्त लोक में व्यवहृत शब्द भी प्रमाण है। लोग कहा ही करते हैं कि मैं अलंकृत हो गया। यहाँ पर मैं का अर्थ है चेतन या आत्मा। इस प्रकार लोक में शरीर को अलंकृत कर अलंकार वस्तुतः आत्मा के ही अलंकारक होते हैं। उसी प्रकार काव्य में अलंकार शब्द तथा वाच्यार्थ रूप काव्यशरीर को अलंकृत करते हुए रस रूप व्याख्या आत्मा के ही अलंकृत करने वाले

CCO. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

होते हैं। भामह आदि आचार्यों ने अलंकार को ही मुख्यतम स्थान दिया है। रस आदि की स्थिति भी अलंकार के रूप में ही की है। किन्तु यह तो इनको भी मान्य है कि अलंकारों के उचित सन्निवेश से ही अलंकार में अलंकारत्व रहता है यही कारण है कि परवर्ती आचार्यों ने अलंकार्य के विवेचन में अधिक दृष्टि दी तथा ध्वनि आदि की स्थापना की ओर सचेष्ट हुए। अलंकार में अलंकारत्व साधन के लिए वह उक्ति की ओर भामह का संकेत ही वक्रोक्ति के अलंकार्यत्व के जन्म का मूलाधार होता है। इस तरह सामान्य अर्थ या सामान्य शब्द को तो काव्य का अंगी भामह ने भी नहीं माना है वरन् वक्रता विशिष्ट को ही काव्य का अंगी माना है।

फलतः आगे के आचार्यों के ध्वनि आदि के अलंकार्यत्व के विश्लेषण का आधार यही ग्रन्थ है, अतः आचार्य आनन्दवर्धन आदि के भामह और उद्भट का उद्धरण अपने ग्रन्थ में आदरपूर्वक दिया है।

भामह का अलंकार-निरूपण पर्याप्त व्यापक और महत्त्वपूर्ण है। जिस प्रकार वामन ने रीति को आनन्दवर्धन ने ध्वनि को या विश्वनाथ ने रस को काव्य की आत्मा ही कहा और अलंकार का स्पष्ट लक्षण भी नहीं किया। फिर भी उनको अलंकारवादी कहा जाता है। उन्होंने अलंकार को काव्य-शोभा का आधायक तत्त्व बताया। इनके अनुसार स्वाभाविक सुन्दर होने पर भी वनिता का मुख अलंकार के बिना विभूषित नहीं होता उसी प्रकार काव्य में सौन्दर्य के आधायक रस, गुण आदि तत्त्वों के रहने पर भी अलंकार के बिना वह पूर्ण चमत्कार को प्राप्त नहीं कर सकता। इस प्रकार ये भी अलंकार को काव्य का अनिवार्य धर्म सिद्ध कर देते हैं। भामह काव्य को अकाव्य से पृथक् करने के लिए कहते हैं कि उसमें अलंकार हो। यही कारण है कि भामह ने काव्य में लोकातिक्रान्तगोचरता आवश्यक मानी है। इसी के द्वारा काव्य में चारुता आती है। भामह के 'सैषा सर्वत्र वक्रोक्तिः' इस कथन का अर्थ करते हुए कहा है कि प्रायः सभी ने अतिशयोक्ति को वक्रोक्ति का पर्याय बताया है। भामह ने वक्रोक्ति (अतिशयोक्ति) को ही काव्य के लिए अनिवार्य तत्त्व माना है, अलंकार को नहीं। वक्रोक्ति और अलंकार दो वस्तुएँ हैं, वक्रोक्ति ही अलंकार का मूलाधार है। उसके बिना चमत्कार आ ही नहीं सकता तथा उसी को सम्पूर्ण अलंकारों की जीवितभूत मानते हैं।

भामह ने वक्रोक्तिहीन अलंकारों को अलंकार नहीं स्वीकार किया है। इसी आधार पर ये हेतु, सूक्ष्म तथा लेश नामक अलंकारों को अलंकार नहीं

CCO. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

मानते हैं। इनके अनुसार अलंकार मूल तत्व अतिशयोक्ति है और अतिशयोक्ति का अर्थ है लोकातिक्रान्तगोचर वचन।

दण्डी भी भामहं के इस कथन से सहमत हैं। उनका कथत है कि बृहस्पति द्वारा प्रशंसित यह अतिशयोक्ति अन्य अलंकारों में भी प्रधान और सर्वश्रेष्ठ आधार है।

इसका तात्पर्य यह है कि शब्दार्थ वैचित्र्य ही अलंकार है, वह वैचित्र्य अतिशयोक्ति के अधीन है, अतः सभी अलंकारों में सामान्यतः अतिशयोक्ति रहती है, परन्तु तत्तद्वैचित्र्यविशेष के कारण भिन्न-भिन्न नाम से व्यवहार होता है। जहाँ पर दूसरे प्रकार की विचित्रता नहीं रहती है वहाँ अतिशयोक्ति होती है।

आनन्दवर्धन ने भी भामह की दृष्टि से अतिशयोक्ति की उपादेयता स्वीकार की है उनके अनुसार पहले तो सभी अलंकारों की अतिशयोक्ति गर्भता सम्भव है। महाकवियों के द्वारा प्रयुक्त होकर ही वह अवर्णनीय काव्य-शोभा को पुष्ट करती है। परन्तु कुन्तक इन सबसे विलक्षण है। ये इसे अलङ्कार न मानकर काव्य का मूलतत्त्व मानते हैं उनकी वक्रोक्ति का लक्षण है —'वैदग्धी भङ्गमणितिः' अर्थात् किसी वस्तु का साधारणलौकिक प्रकार से भिन्न, अलौकिक ढंग से कथन। वक्रोक्ति और कुछ नहीं शास्त्र या लोक-प्रसिद्ध कथन या उक्ति से अतिशय सुन्दर विचित्र उक्ति ही है। काव्यकौशल को वक्रोक्ति कहते हैं जो प्रसिद्ध अर्थ के अतिरिक्त भिन्न अर्थ को घोषित करे। सारांश यह है कि उनकी वक्रता 'काव्यसौन्दर्य' या 'कविकौशल' का द्योतक है। काव्य का जो कुछ भी चमत्कार या सुन्दर है, वही वक्रोक्ति है।

काव्यप्रकाश के दशमउल्लास में 'विशेष' अलङ्कार की चर्चा करते हुए मम्मट ने अतिशयोक्ति' को काव्य का प्राण कहा है।

दण्डी को भी अलङ्कार सम्प्रदाय का ही आचार्य मानना उपयुक्त होगा। अलङ्कार की मान्य परिभाषा आचार्य दण्डी ने दी है जिसके अनुसार-काव्य की शोभा को समृद्ध करने वाले धर्मों को अलङ्कार कहते हैं।

दण्डी ने नाटक के तत्त्वों को भी अलङ्कार ही मानकर अलङ्कार के स्वरूप को विस्तृत कर दिया है। दूसरे शास्त्र में जो सन्धि, सन्ध्यंग, वृत्ति, वृत्त्यंग, लक्षण आदि सविस्तर वर्णित हैं उन्हें भी हम अलङ्कार ही मानते हैं।

वामन ने अलङ्कारों के शब्द और अर्थ उभयविध आश्रय को स्वीकार किया हैं पर उन्हें काव्य की शोभा के स्वरूप का आधायक न मानकर उसके अतिशय का आधायक मानते हैं। काव्य की शोभा को उत्पन्न करनेवाले गुण

CCO. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

कहलाते हैं। गुणों के होने पर ही अलङ्कार काव्य की शोभा की वृद्धि कर सकते हैं। अतः अलङ्कार काव्य शोभा के स्वरूपाधायक न होकर उत्कर्षाधायक हैं। गुणों के लिए ही हम अलङ्कार शब्द का प्रयोग कर सकते हैं (इस प्रकार गुण काव्य की शोभा के आधायक उपादान कारण है तो अलङ्कार निमित्तकारण है। उपादानों को ही दृष्टि में रखकर अलङ्कार को काव्य का सौन्दर्य घोषित किया है।

आचार्य रुद्रट भी कविप्रतिभा से उद्भूत कथन-विशेष को ही अलङ्कार मानते हैं। ध्वनिकार वाणी की अनन्त शैलियों को अलङ्कार मानते हुए उसकी संख्या अनन्त स्वीकार करते हैं।

आनन्दवर्धन ने काव्य और अलङ्कार में अंगी और अंग का सम्बन्ध माना है। उनका कहना है कि अलङ्कार काव्य में कभी अंगी के रूप में उपस्थित नहीं हो सकते हैं। अंगी रस ध्वनि ही हो सकती है। इसीलिए काव्य में अलङ्कार के लिए अलग से प्रयास नहीं करना चाहिए। अलङ्कार तो वही है जो स्वाभाविक रूप से रसादि के निबन्ध के साथ ही विना किसी प्रयास के रस से आक्षिप्त होकर स्वतः उपनिबद्ध हो जाय। ध्वनिकार ने तो काव्य के सभी अलंकारों की अप्रधानता की सिद्धि के लिए एक विधान किया है जिसमें पाँच नियम होते हैं—अलङ्कारों की विवक्षा सदैव रस को प्रधान मानकर हो, उनका विनिवेश प्रधान रूप से किसी भी दशा में नहीं हो, उचित काल पर उसका ग्रहण और त्याग होना चाहिए, आदि से अन्त तक अलङ्कार का अत्यन्त निर्वाह की इच्छा नहीं करनी चाहिए। यदि कहीं अनायास आद्यन्त निर्वाह हो जाय तो निर्वाह हो जाने पर भी वह अङ्गरूप में ही हो यह बात सावधानी से फिर देख लेनी चाहिए।

महिमभट्ट ने अलङ्कारों के (विषय में आचार्य आनन्दवर्धन से सहमत है। उनका कहना है कि काव्यरचना में कबि की प्रवृत्ति विवेच्य वस्तु में सौन्दर्य अतिरेक के आधान करने के लिए होती है न कि अलङ्कारों का प्रदर्शन करने के लिए। ये तो उसमें स्वतः निष्पन्न हो जाते हैं क्योंकि किसी वस्तु की भंगिमा को लिए हुए अनेक प्रकार की अभिव्यक्ति ही तो अलङ्कार है। इस प्रकार महिमभट्ट के अनुसार अलङ्कारत्व काव्य के विवेच्य-विषय में न होकर उसके कहने के प्रकार में है।

भोज ने कटक-कुण्डलादि की भाँति अलङ्कारों को काव्य का बाह्य सौन्दर्य ही नहीं माना है। उन्होंने शरीर के ऊपर स्थित रहने वाले कटकादि की उपमा को अलङ्कारों के लिए अपर्याप्त माना है।

CCO. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

मम्मट ध्वनिकार आनन्दवर्धन के अनुयायी है। इन्होंने भी काव्य में अलङ्कारों की स्थिति को अनिवार्य न मानते हुए अलङ्कार का लक्षण किया है—जैसे हार आदि आभूषण कण्ठ आदि अङ्ग के सौन्दर्यवर्धक हुआ करते हैं, उसी तरह उपमा आदि अलङ्कार शब्द और अर्थरूप अङ्ग के सौन्दर्यबर्धक हुआ करते हैं।

अलङ्कारों के विवेचन के लिए मम्मट के बाद रुय्यक तथा जयदेव विशेष रूप से प्रसिद्ध हैं। ये दोनों ही महिमभट्ट से प्रभावित हैं। रुय्यक ने अपने 'अलङ्कार सर्वस्व' में अलङ्कार सामान्य का विशेष लक्षण न कहकर अलङ्कारत्व को अभिधान का एक प्रकार माना है।

जयदेव ने अपनी कृति 'चन्द्रालोक' के आरम्भ मे अलंकार की स्थिति को गौण कर देने पर अपना क्षोभ व्यक्त किया है। उनका कहना है कि जिस प्रकार उष्णता से विहीन अग्नि की कल्पना नहीं की जा सकती उसी प्रकार अलङ्कार से विहीन काव्य कथमपि सम्भव नहीं।

पण्डितराज जगन्नाथ के अनुसार अलङ्कार व्यङ्ग्य को रमणीय बनाने वाले होते हैं।

सम्प्रति भरत का 'नाट्यशास्त्र' ही भारतीय काव्य शास्त्र का आद्यग्रन्थ उपलब्ध है जिसका समय ई० पू० दो सौ वर्ष के आस पास माना गया है। स्वयं भरत ने अपने ग्रन्थ में आनुवंश्य श्लोकों के क्रम मे पूर्ववर्ती आचार्यों के द्वारा वर्णित रसादि की चर्चा की है। भामह ने अपने ग्रन्थ 'काव्यालङ्कार' में मेधावी रुद्र आदि आचार्यों के नाम का उल्लेख किया है तथा दण्डिविरचित 'काव्यादर्श' की हृदयंगमा टीका में काश्यप एवं वररुचि नामक आचार्यों का नाम है जो दण्डी के पूर्ववर्ती थे। अन्य ग्रन्थों में आदिभरत, नन्दिस्वामी, ब्रह्मदत्त, दत्तिल एवं नन्दिकेश्वर के नाम हैं। इन सभी नामों एवं उपलब्ध उदाहरणों से यह प्रतीत होता है कि भरत से पूर्व भारतीय काव्यशास्त्र का उदय हो चुका था एवं साथ ही नाट्यशास्त्र, अलङ्कारशास्त्र विषयक अनेक ग्रन्थों की भी रचना हुई थीं पर उन ग्रन्थों की अनुपलब्धि होने के कारण भरत को ही काव्यशास्त्र का आदि आचार्य माना जाता है। काव्य में सर्वप्रथम अलङ्कारों का संकेत हमें भरत के नाट्यशास्त्र में उपलब्ध होता है। भरत ने रूपकों की भाषा शैली पर प्रकाश डालते समय चार अलङ्कारों का संकेत किया है—उपमा, रूपक, दीपक तथा यमक।

इसके पश्चात् अग्निपुराण में सोलह अलङ्कारों के नाम दिये हैं। अग्निपुराण के समय के सम्बन्ध में कड़ा सन्देह, कुछ लोग पुराण-शब्द प्रथा के

CCO. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

आधार पर उसे प्राचीनतम और कुछ लोग अन्तरंग परीक्षा के आधार पर अनतिप्राचीन मानते हैं, अत: उसमें लिखे गये अलङ्कारों का कौन क्रम होगा-यह भी सन्दिग्ध है।

वास्तव में अग्निपुराण तक का अलंकारविभाग प्रामाणिक रूप में नहीं है। अग्निपुराण के बाद अलङ्कारग्रन्थ में भामह का 'काव्यालङ्कार' है। ये अलङ्कार-सम्प्रदाय के प्रमुख आचार्य हैं। भामह के पूर्व भी कतिपय आलङ्कारिक हो चुके होगें और इसीलिए भामह ने 'काव्यालङ्कार' में आये हुए अलङ्कारों को कतिपय वर्गों में वर्णन कर 'अन्ये', 'केचित्', 'परे' शब्दों का प्रयोग किया है। भामह द्वार वर्णित अलङ्कारों की संख्या ३८ है। भरत निर्दिष्ट चार अलङ्कारों की तुलना में यह ३८ की संख्या निश्चित ही प्रगति की सूचक है। इन अलङ्कारों में कितने पूर्व आचार्य लिखे गये हैं और कितने भामह द्वारा उद्भाषित हैं, इसका संकेत ग्रन्थ में नहीं मिलता हैं। उदाहरणों के सम्बन्ध में उनका कहना है कि-अपने द्वारा रचे हुए उदाहरणों से ही मैंने इन अलङ्कारों का निरूपण किया है।

सर्वप्रथम भामह ने अलङ्कारों के समूहों का निर्देश किया है। पहले समूह में अनुप्रास यमक, रूपक, दीपक और उपमा ये पाँच अलङ्कार लिखे हैं। दूसरे समूह में आक्षेप, अर्थान्तरन्यास, व्यतिरेक, विभावना समासोक्ति और अतिशयोक्ति ये ६ अलङ्कार लिखे हैं।

हेतु, सूक्ष्म और लेश का नाम निर्देश करते हुए भी भामह ने उनको अलङ्कार नहीं माना।

तदनन्तर उनमें यथासंख्य और उत्प्रेक्षा दोनों को एक समूह में लिखकर स्वभावोक्ति को भी कुछ लोगों के मत में अलङ्कार लिखा है। संभव है इन अलङ्कारों को मानने वालों के हिसाब से ये भी दूसरे ही समूह में हो।

तीसरे समूह में प्रेय, रसवत् ऊर्जस्वित्, पर्यायोक्त, समाहित, द्विविध उदात्त, त्रिविध श्लेष, अपह्नुति, विशेषोक्ति, विरोध, तुल्ययोगिता, अप्रस्तुत-प्रशंसा व्याजस्तुति, निदर्शना, उपमा-रूपक, उपमेयोपमा, सहोक्ति, परिवृत्ति, ससन्देह, अनन्वय, उत्प्रेक्षावयव, संसृष्टि, भाविकत्व और आशी: ये अलङ्कार गिने गये हैं।

इनमें दो शब्दालङ्कार (अनुप्रास, यमक) और छत्तीस अर्थालङ्कार हैं।

आचार्य दण्डी ने इनमें कुछ घटा-बढ़ाकर निम्नलिखित अलङ्कार स्वीकार किये हैं।

CC0. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

स्वभावोक्ति, उपमा, रूपक, दीपक, आवृत्ति आक्षेप, अर्थान्तरन्यास, व्यतिरेक, विभावना, समासोक्ति, अतिशयोक्ति, उत्प्रेक्षा, हेतु, सूक्ष्म लेश, (या लय) यथसंख्य (या क्रम) प्रेयः, रसवत्, ऊर्जस्वित्, पर्यायोक्त, समाहित, उदात्त, अपह्नुति, श्लेष, विशेष, तुल्ययोगिता, विरोध, अप्रस्तुतप्रशंसा, व्याजस्तुति, निदर्शना, सहोक्ति, परिवृत्ति, आशीः, संसृष्टि और भाषिक। इसके अतिरिक्त यमक, चित्रवंध एवं प्रहेलिका।

भामह ने जिन अलङ्कारों का विवेचन किया है दण्डी ने भी उन्हों क. विवेचन किया है। भेद केवल इसी वात में पाया जाता है कि भामह ने हेतु, सूक्ष्म एवं लेश अलङ्कारों का खण्डन कर दिया है जब कि दण्डी ने उन्हें बाणी का उत्तम भूषण मानकर अलङ्कारों के विकास में जोड़ दिया है। इसके अतिरिक्त दीपक अलङ्कार के नवीन भेद 'दीपकावृत्ति' की उद्भावना कर दण्डी ने अलङ्कार शास्त्र के क्षेत्र का विस्तार किया है। वाद में यही भेद स्वतन्त्र अलङ्कार बन गया। भामह ने जिन अलङ्कारों को स्वतन्त्र माना है दण्डी ने उन्हें उपमा के भेदों के रूप में ग्रहण किया है जैसे-उपमेयोपमा, प्रतिवस्तूपमा, अतिशयोक्ति, तुल्ययोगिता, मालोपमा, अनन्वय, संशय, उपमा, रूपक एवं उत्प्रेक्षा रूपक को इन्होंने रूपक एवं उत्प्रेक्षा में ही अन्तर्भूत किया है। यमक, चित्र और प्रहेलिका का भामह ने संक्षिप्त रूप से वर्णन किया है जब कि दण्डी ने इसे विस्तृत रूप दिया है। स्वभावोक्ति अलङ्कार को इन्होंने अलङ्कारों में प्रथम स्थान देकर इसके महत्त्व को दिखलाया और सम्पूर्ण वाङ्मय को वक्रोक्ति तथा स्वभावोक्ति इन दो वर्गों में विभक्त किया। स्वभावोक्ति को उन्होंने जाति भी कहा है तथा शास्त्र और काव्य में समान रूप से उसका साम्राज्य स्वीकार किया है। दण्डी के अनुसार श्लेषालङ्कार सभी वक्रोक्तियों की शोभा की वृद्धि करता है।

इस प्रकार दण्डी का भामह से उपर्युक्त बातों में मतभेद दिखाई पड़ता है। भामह ने वक्रोक्ति को अलङ्कारशास्त्र का अपरिहार्य अङ्ग माना है, उसकी नियत अवस्थिति अपेक्षित मानी है, किन्तु दण्डी ने काव्य को दो विभागों में विभक्त कर सर्वत्र वक्रोक्ति को नियत अङ्ग नहीं माना है वरन् स्वभावोक्ति को आधार पर भी काव्य की स्थिति है यह स्वीकार किया है।

इस प्रसंग में मैं यह व्यक्त करना उचित समझता हूं कि वक्रोक्ति से मात्र अलङ्कार का कथन नहीं है, वरन् इतिहास और काव्य में वक्र कथन ही मौलिक भेद का साधन है। अतः स्वभावोक्ति अलङ्कार की स्थिति में विरोध नहीं है। यह कहा जा सकता है कि अलङ्कार के मूलाधार के रूप में भामह

CCO. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ने जहाँ वक्रोक्ति को स्थान दिया है वहाँ दण्डी ने सादृश्य को मुख्यतम स्थान दिया है।

उद्भट ने सर्वप्रथम अलङ्कारों के वर्गीकरण की ओर ध्यान दिया एवं उसे ६ वर्गों में विभक्त किया। इन्होंने ४१ अलङ्कारों का वर्णन किया है।

अलङ्कारों का विभाजन इस प्रकार है—

प्रथम वर्ग-पुनरुक्तवदाभास, छेकानुप्रास (तीन प्रकार-परुषा, उपनागरिका, ग्राम्या अथवा कोमला) लाटानुप्रास, रूपक, उपमा, दीपक (तीन प्रकार का) प्रतिवस्तूपमा।

द्वितीयवर्ग—आक्षेप, अर्थान्तरन्यास, व्यतिरेक, विभावना, समासोक्ति, अतिशयोक्ति।

तृतीयवर्ग—यथासंख्य, उत्प्रेक्षा, स्वभावोक्ति

चतुर्थवर्ग—प्रेय, रसवत्, ऊर्जस्वित्, पर्यायोक्त, समाहित, उदात्त (दो प्रकार का) श्लिष्ट।

पंचमवर्ग—अपह्नुति, विशेषोक्ति, विरोध, तुल्ययोगिता, अप्रस्तुतप्रशंसा, व्याजस्तुति, निदर्शना, उपमेयोपमा, सहोक्ति, संकर (चार प्रकार) परिवृत्ति।

षष्ठवर्ग—अनन्वय, ससंदेह, संसृष्टि, भाषिक, काव्यलिंग, दृष्टान्त।

इनमें से पुनरुक्तवदाभास, काव्यलिंग, छेकानुप्रास, दृष्टान्त और संकर ये पांचों अलङ्कार उद्भटद्वारा विवेचित नवीन अलङ्कार है। इन्होंने लेश, सूक्ष्म और हेतु अलङ्कारों की चर्चा नहीं की है। इन्होंने यमक अलङ्कार का उल्लेख नहीं किया है। इन्होंने छेकानुप्रास, लाटानुप्रास, एवं वृत्त्यनुप्रास को स्वतन्त्र अलङ्कार स्वीकार किया है। इन्होंने अतिशयोक्ति के चार प्रकारों का उल्लेख किया है। इन्होंने 'काव्यलिंग' का नाम 'काव्यहेतु' दिया है और 'हेतु' अलङ्कार को काव्यलिंग के अन्तर्गत माना है। अनुप्रास के भेद में परुषा, कोमला तथा उपनागरिका का विवेचन करने का श्रेय सर्वप्रथम इन्हीं को है। इन्हीं विशेषताओं के कारण उद्भट का स्थान संस्कृत साहित्य में अमर है।

उद्भट के पश्चात् संस्कृतसाहित्य में वामन का स्थान महत्त्वपूर्ण है। वामन ने कुल मिलाकर तैंतीस अलङ्कारों का वर्णन किया है जिनमें यमक एवं अनुप्रास शब्दालङ्कार है और शेष उन्तीस अर्थालङ्कार जो इस प्रकार है—उपमा (उसके २७ भेद एवं छह दोषों का वर्णन) प्रतिवस्तु, समासोक्ति,

CCO. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अप्रस्तुतप्रशंसा, अपह्नुति, रूपक, श्लेष, वक्रोक्ति, उत्प्रेक्षा, अतिशयोक्ति, सन्देह, विरोध, विभावना, अनन्वय, उपमेयोपमा, परिवृत्ति, व्यर्थ, दीपक, निदर्शना, अर्थान्तरन्यास, व्यतिरेक, विशेषोक्ति व्याजस्तुति, व्याजोक्ति, तुल्ययोगिता, आक्षेप, सहोक्ति, समाहित, संसृष्टि, उपमारूपक और उत्प्रेक्षावयव।

इन्होंने सर्वप्रथम उपमा को मूल अलङ्कार मानकर समस्त अर्थालङ्कार का उपमा के अन्तर्गत मान लिया है। वक्रोक्ति को अर्थालङ्कार मानकर 'लक्षणा सादृश्यगर्भा' को उसका लक्षण माना है। 'व्याजोक्ति' अलङ्कार इनका नवीन निरूपण है।

रुद्रट ने ५७ अर्थालङ्कारों का निरूपण किया है, इनमें से २६ अलङ्कार भरत, भामह, दण्डी और उद्भट द्वारा पूर्व में निरूपण हुआ है। शेष ३१ अलङ्कारों को रुद्रट ने निरूपित किया है। इन्होंने अलङ्कारों के वर्गीकरण को बढ़ाया। इनका विभाजन अत्यन्त वैज्ञानिक है। इनके अनुसार अलङ्कारों के चार विभाजक तत्त्व वास्तव, औपम्य, अतिशय एवं श्लेष हैं। इन्हीं चार तत्त्वों के आधार पर अलङ्कारों के चार वर्ग किए गए हैं।

उनका अलङ्कारों का वर्गीकरण इस प्रकार हैं :—

(अ) वास्तव-इस वर्ग में २३ अलङ्कार है—सहोक्ति, समुच्चय, जाति, यथासंख्य, भाव, पर्याय, विषय, अनुमान, दीपक, परिकर, परिवृत्ति, परिसंख्या हेतु, कारणमाला, व्यतिरेक, अन्योन्या, उत्तर, सार, सूक्ष्म, लेश, अवसर, मीलित, एकावली।

(आ) औपम्य-इस वर्ग में २१ अलङ्कार हैं—उपमा, उत्प्रेक्षा, रूपक, अपह्नुति, संशय, समासोक्ति, मत, उत्तर, अन्योक्ति, प्रतीप, अर्थान्तरन्यास, उभयन्यास, भ्रान्तिमान्, आक्षेप, प्रत्यनीक दृष्टान्त, पूर्वसहोक्ति, समुच्चय, साम्य एवं स्मरण।

(इ) अतिशय-इस वर्ग में १२ अलङ्कार हैं—पूर्व, असंगति, पिहित, विशेष, उत्प्रेक्षा, विभावना, तद्गुण, अधिक, विरोध, विषम, व्याघात तथा अहेतु।

(ई) श्लेष—इस वर्ग में केवल श्लेष अलंकार का वर्णन है। वह अलङ्कार दश प्रकार के हैं—अविशेष, विरोध, अधिक, वक्र, व्याज, उक्ति, असम्भव, अवयव, तत्त्व और विरोधाभास।

इस प्रकार रुद्रट ने ५७ अर्थालङ्कारों को निरूपित किया है। इसके अतिरिक्त अनुप्रास, यमक, श्लेष, वक्रोक्ति तथा चित्र इन पांच शब्दालङ्कारों का

CCO. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

भी विवेचन किया है। इन्होंने ३१ अलङ्कारों को जो बढ़ाया वह इस प्रकार हैं—समुच्चय, भाव, पर्याय, विषम, अनुमान, परिवृत्ति, परिकर, परिसंख्या, कारणमाला, अन्योन्य, उत्तर (प्रथम) सार, अवसर, मीलित, एकावली, मत, उत्तर (द्वितीय) अन्योक्ति, प्रतीप, उभयन्यास, भ्रान्तिमान्, प्रत्यनीक, पूर्व, साम्य, स्मरण, तद्गुण, अधिक, असंगति, पिहित, व्याघात, अहेतु, अविशेषश्लेष, उक्तिश्लेष, व्याजश्लेष, असम्भवश्लेष, तत्त्वश्लेष तथा वक्रश्लेष। इनके मत में साम्य, पिहित और भाव नवीन अलङ्कार हैं। इन अलङ्कारों का वर्णन प्राचीन एवं नवीन आचार्यों के द्वारा नहीं किया गया है। इन्होंने व्याजस्तुति के लिए व्याजश्लेष, स्वभावोक्ति के लिए जाति एवं उदात्त के लिए अवसर नामों का प्रयोग किया है। इन्होंने सर्वप्रथम 'वक्रोक्ति' अलङ्कार को शब्दालङ्कार माना है।

महाराज भोज ने शब्दालङ्कार, अर्थालङ्कार, और उभयालङ्कार मिला कर ७२ अलङ्कारों का वर्णन किया है। इनमें शब्दालङ्कार की संख्या २४, अर्थालङ्कार की २४ एवं उभयालङ्कार की २४ हैं।

शब्दालङ्कार में निम्नलिखित अलङ्कार हैं—जाति, रीति, वृत्ति, छाया, मुद्रा, उक्ति, युक्ति, भणिति, गुम्फना, शय्या, पठिति, यमक, श्लेष, अनुप्रास, चित्र, वाकोवाक्य, प्रहेलिका, गूढ़, प्रश्नोत्तर, अध्येय, श्रव्य, प्रेक्ष्य एवं अभिनय।

अर्थालङ्कार निम्नलिखित हैं—जाति, विभावना, हेतु अहेतु, उत्तर, विरोध, संभव, अन्योन्य, परिवृत्ति, निदर्शन (दृष्टान्त), भेद (व्यतिरेक), समाहित, भ्रान्ति, वितर्क, मीलित, स्मृति, भाव, प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान, शब्द, अर्थापत्ति और अभाव।

२४ उभयालङ्कार इस प्रकार हैं—उपमा, रूपक, साम्य, संशयोक्ति, अपह्नुति, समाधयुक्ति, समासोक्ति, उत्प्रेक्षा, अप्रस्तुतस्तुति, तुल्ययोगिता, सहोक्ति, लश, समुच्चय, आक्षेप अर्थान्तरन्यास, विशेषण, परिष्कृति (परिकर), दीपक, क्रम, पर्याय, अतिशय, श्लेष, भाविक तथा संसृष्टि।

इन्होंने अलंकारों के तीन वर्ग किये हैं—बाह्य, आभ्यन्तर एवं उभय। बाह्य को शब्दालंकार, आभ्यान्तर को अर्थालंकार एवं उभय को उभय या मिश्रालंकार कहा गया है। इन्होंने उपमा एवं रूपक के चौबीस-चौबीस भेद किये हैं। इन्होंने छः प्रमाणालंकार, संभव तथा वितर्क मिलाकर लगभग आठ नवीन अलंकारों की कल्पना की है।

अनुप्रास अलंकार की महत्ता प्रदर्शित करते हुए इन्होंने कहा कि उपमा

CCO. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

के न रहने पर भी अनुप्रास से उसकी यानी पूरी हो सकती है अर्थात् उपमा के समान अनुप्रास से ही काव्य में सौन्दर्य आ सकता है।

इस प्रकार अलंकार के सम्बन्ध में इन्होंने जो मान्यताएँ दी वह महत्त्वपूर्ण हैं।

आचार्य मम्मट ने शब्दालंकार एवं ६९ अर्थालंकारों का वर्णन किया है। शब्दालंकार इस प्रकार हैं—वक्रोक्ति, अनुप्रास, यमक, श्लेष और पुनरुक्त-वदाभास एवं चित्र।

६१ अर्थालंकारों के नाम निम्नलिखित हैं—उपमा, अनन्वय, उपमे-योपमा, उत्प्रेक्षा, ससन्देह, रूपक, अपह्नुति, श्लेष, समासोक्ति, निदर्शना, अप्रस्तुतप्रशंसा, अतिशयोक्ति, प्रतिवस्तूपमा दृष्टान्त, दीपक, तुल्ययोगिता, व्यतिरेक, आक्षेप, विभावना, विशेषोक्ति, यथासंख्य, अर्थान्तरन्यास, विरोधा-भास, स्वभावोक्ति, व्याजस्तुति, सहोक्ति, विनोक्ति, परिवृत्ति, भाविक, काव्यलिंग, पर्यायोक्ति, उदात्त, समुच्चय, पर्याय, अनुमान, परिकर, व्याजोक्ति, परिसंख्या, कारणमाला, अन्योन्य, उत्तर, सूक्ष्म, सार, असंगति, समाधि, सम, विषम, अधिक, प्रत्यनीक मीलित, एकावली, स्मृति, भ्रान्तिमान्, प्रतीप सामान्य, विशेष, तद्गुण, अतद्गुण, व्याघात, संसृष्टि और संकर।

इन्होंने विनोक्ति, सम, सामान्य एवं अतद्गुण इन चार अलंकारों को बढ़ाया है। इन्होंने अलंकारों का वर्गीकरण नहीं किया है।

आचार्य रुय्यक के मत में ७५ अलंकार ही अलंकार के रूप में मान्य हैं। उनमें से ये ७१ प्राचीन आचार्यों से लेते और ४ अपनी ओर से उपस्थित हैं।

रुय्यक ने इन अलंकारों जिन (खण्ड।) मार्गों और अनुच्छेद। में विभाजित किया है उन्हें इस प्रकार स्पष्ट किया जाता है—

१ शुद्ध खण्ड

वर्ग (१) शब्दालंकारवर्ग वा पौनरुक्त्यवर्ग

पौनरुक्त्यविच्छित्ति (१) सर्वपौनरुक्त्य पुनरुक्त्यवाभास

(२) व्यञ्जन पौनरुक्त्य छेकानुप्रास, वृत्तानुप्रास

(३) स्वरव्यंजनसमुदायपौनरुक्त्य यमक

(४) शब्दार्थोभयपौनरुक्त्य लाटानुप्रास

(५) स्थानविशेषश्लिष्टवर्णपौनरुक्त्य मिश्र

CCO. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ब (२) अर्थालंकारवर्ग

(१) सादृश्य विच्छित्ति

(क) भेदाभेदतुल्यतापृथक् उपमा, अनन्वय, उपमेयोपमा स्मरण

(ख) अनेकप्राधान्यमूलक

(अ) आरोपाश्रित रूपक, परिणाम, सन्देह, भ्रान्ति-उल्लेख, अपह्नुति

(आ) अध्यवसायाश्रित उत्प्रेक्षा, अतिशयोक्ति (१)

(ग) गम्यौपगम्यमूलक तुल्ययोगिता, दीपक, प्रतिवस्तूपमा, दृष्टान्त, निदर्शना

(घ) भेदप्राधान्यमूलक व्यतिरेक, सहोक्ति

(२) विशेषणविच्छित्ति

(क) केवलविशेषणविच्छित्ति समासोक्ति, परिकर

(ख) सविशेष्य-विशेषणविच्छित्ति श्लेष पर्यायोक्त, व्याजस्तुति आक्षेप

(३) गम्यार्थताविच्छित्ति

(४) विरोधविच्छित्ति

(क) शुद्धविरोध विरोध

(ख) कार्यकारणभावाश्रिय विरोधमूलक विभावना, अतिशयोक्ति असंगति विषम, विचित्र व्याघात

(ग) आश्रयाश्रयित्वमूलक अधिक, विशेष

(घ) व्यतिहारमूलक अन्योन्य

(५) शृङ्खलाविच्छित्ति कारणमाला, एकावली, मालादीपक, सार

(६) न्यायविच्छित्ति काव्यलिंग, अनुमान यथासंख्य, पर्याय, परिवृत्ति

(क) तर्कन्यायमूलक परिसंख्या स्वपिति, विकल्प

(ख) वाक्यन्यायमूलक समुच्चय, समाधि

(ग) लोकन्यायमूलक प्रत्यनीक, प्रतीप, मीलित, तद्गुण, अतद्गुण, उत्तर

(७) गूढार्थचरताविच्छित्ति

(क) शुद्ध सूक्ष्म, व्याजोक्ति, वक्रोक्ति, स्वभावोक्ति

(ख) स्फुटार्थता भाषिक

CCO. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

(ग) उदारता उदात्त
(घ) चित्तवृत्योक्ति रसवद्, प्रेय, अर्जरिण, समाहित, भावोदय, भावसन्धि, भावशक्तता

२ मिश्रखण्ड

(१) संसृष्टि (क) शब्दालङ्कार संसृष्टि
(ख) अर्थालङ्कार संसृष्टि
(ग) उभयालङ्कार संसृष्टि

(२) संकर

शेष पाँच में चार अलङ्कारों को वृत्तिकार में इनमें से कुछ अलङ्कारों के वैपरीत्य के आधार पर सत् तत् संदर्भों में प्रस्तुत बतलाया है। ये निम्नलिखित हैं :—

(१) विनोक्ति सहोक्ति-विपरीत
(२) अप्रस्तुतप्रशंसा समासोक्ति-विपरीत
(३) विशेषोक्ति विभावना-विपरीत
(४) 'सम विषम-विपरीत

इसके अतिरिक्त अर्थालङ्कार अर्थान्तर अलङ्कार रह जाता है। इसे अप्रस्तुतप्रशंसा के सन्दर्भ में रखने का कारण वृत्तिकार ने सामान्यविशेषभाव और उसपर आश्रित समर्प्यसमर्पकभाव माना है।

रुय्यक ने इन अलङ्कारों में उपमा के महत्त्व को दिखाते हुए अलङ्कार का बीजभूत माना है।

इनके परवर्त्ती आचार्य शोभाकर मिश्र ने अपने 'अलङ्काररत्नाकर' ग्रन्थ में १११ अलङ्कारों का वर्णन किया है। जिनमें निम्नलिखित ३६ नवीन अलङ्कार हैं :—

अचिन्त्य, अतिशय, अनादर, उदाहरण, अनुकृति, अवरोह, अशक्य, आदर, आपत्ति, उद्भेद, उद्रेक, असल, क्रियातिपत्ति, गूढ़, तन्त्र, तुल्य, निश्चय, परभाग; प्रतिप्रसव, प्रतिभा, प्रत्यादेश, प्रत्यूह, प्रसंग, वर्द्धमानक, व्याप्ति, व्यासंग, सदेहाभास, सजातीयव्यतिरेक, विकल्पाभास, विध्याभास, विनोद, विपर्यय, विवेक, वैधर्म्य, व्यत्यास और समता।

इसके अतिरिक्त रूपक, स्मरण, सन्देह एवं अपह्नुति अलङ्कारों में लेखक ने समझाने में अपनी मौलिकता दिखाई है। इन्होंने संसृष्टि अलङ्कार का खण्डन किया है।

CCO. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

आचार्य हेमचन्द्र ने छह प्रकार के शब्दालङ्कार एवं २९ प्रकार के अर्थालङ्कारों का विवेचन किया है। शब्दालङ्कार में हैं—अनुप्रास, यमक, चित्र, श्लेष, वक्रोक्ति एवं कुनरुक्तभास।

हेमचन्द्र ने संकर अलंकार के भीतर ही संसृष्टि को रखा है तथा दीपक के भीतर तुल्ययोगिता को। 'परावृत्ति' नामक एक नवीन अलंकार की इन्होंने उद्‌भावना की है और इसके अन्तर्गत पर्याय एवं परिवृत्ति को रखा है। निदर्शन अलंकार के भीतर प्रतिवस्तूपमा और दृष्टान्त का अन्तर्भाव किया गया है।

आचार्य जयदेव ने अपने 'चन्द्रालोक' नामक अलंकार के ग्रन्थ में चार शब्दालंकार एवं ८६ अर्थालंकारों का विवेचन किया। शब्दालंकारों में हैं—अनुप्रास (छेक, वृत्ति, काट, स्फुट, अर्थ) पुनरुक्तप्रतीकाश, यमक एवं चित्र, अनुप्रास के इन पाँचों भेदों में स्फुटानुप्रास एवं अर्थानुप्रास सर्वथा नवीन अलंकार हैं। इन्होंने १७ नवीन अलंकारों का वर्णन किया है जो निम्नप्रकार हैं—उन्मीलित, परिकरांकुर, प्रौढोक्ति, संभावना, प्रहर्षण, विषादन, विकस्वर, विरोधाभास, असंभव, उदारसार, उल्लास, पूर्णरूप, अनुगुण, अवज्ञा, विहित, भाविकच्छभि एवं अत्युक्ति। इन्होंने रसवत् आदि सात अलंकारों को नहीं माना है। संकर असंसृष्टि को इन्होंने अलग अलंकार नहीं माना है। उन्होंने कहा है कि अगर एक पद्य में अधिक अलंकार आ जाय तो उसे संकर या संसृष्टि अलंकार कहा जाता है एवं एक अलंकार की प्रधानता रहने से शुद्ध अलंकार होता है। वक्रोक्ति अलंकार को मूल माननेवाले व्यक्तियों का भी इन्होंने विरोध किया है।

आचार्य विद्याधर अपने अलङ्कार के विवेचन के लिए आचार्य रुय्यक के ऋणी हैं।

इन्होंने अलङ्कारों का वर्गीकरण इस प्रकार किया है :—

भेदाभेदप्रधान—उपमा, उपमेयोपमा, अन्वय, स्मरण।

भेदप्रधान—व्यतिरेक, सहोक्ति, विनोक्ति।

अभेदप्रधान—रूपक, परिणाम, सन्देह, भ्रान्तिमान्, उल्लेख, अपह्नुति।

अध्यवसायाश्रय—उत्प्रेक्षा; अतिशयोक्ति।

गम्यौपम्याश्रय—(पदार्थगत) तुल्ययोगिता, दीपक।

वाक्यार्थगत—प्रतियवस्तूपमा, दृष्टान्त, निदर्शना।

विश्लेषणविच्छित्याश्रय—समासोक्ति, परिकर, अप्रस्तुतप्रशंसा।

विशेष्यविच्छित्याश्रय—परिकरांकुर।

CCO. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

उभयविच्छित्त्याश्रय—श्लेष ।

सामान्यविशेषभाव—अर्थान्तरन्यास ।

प्रतीयमानप्रस्ताव—पर्यायोक्त ।

गम्यत्वविच्छित्तिप्रस्ताव—व्याजस्तुति ।

विशेषगम्यत्व—आक्षेप ।

विरोधगर्भ—विरोधाभास, विभावना, विशेषोक्ति, अतिशयोक्ति, असंगति, विषम, सम, विचित्र, अधिक, अन्योन्य, विशेष, व्याघात ।

शृङ्खलाकार—कारणमाला, एकवढी, मालादीपक, सार ।

तर्कन्यायमूल—यथासंख्य, पर्याय, परिवृत्ति ।

एकानेक—परिसंख्या ।

वाक्यन्यास—अर्थापत्ति, विकल्प, समुच्चय, समाधि ।

लोकन्यायाश्रय—प्रत्यनीक, प्रतीप, मीलित, सामान्यतद्गुण, असद्गुण, उत्तर, प्रश्नोत्तरिका ।

गूढार्थप्रतीति—सूक्ष्म, व्याजोक्ति, वक्रोक्ति, स्वभावोक्ति, भाविक, उदात्त ।

अन्योन्याश्लेष—संसृष्टि, संकर ।

इन्होंने परिणाम, उल्लेख विचित्र एवं विकल्प अलंकारों का लक्षण रुय्यक के शब्दों में किया है ।

आचार्य विद्यानाथ भी आचार्य रुय्यक के ऋणी हैं । परिणाम, उल्लेख, विचित्र एवं विकल्प अलङ्कार के लिए ये सर्वथा रुय्यक पर आधारित है ।

इनके द्वारा वर्णित शब्दालङ्कारों में हैं—छेकानुप्रास, वृत्त्यनुप्रास, यमक, पुनरुक्तवदाभास, काटानुप्रास एवं चित्रालङ्कारों की संख्या ६६ है एवं मित्रालङ्कार में संकर और संसृष्टि है ।

विश्वनाथ ने आठ शब्दालङ्कार, सत्तर अर्थालङ्कार रसवदादि अलङ्कार सात एवं दो मिश्रालङ्कार को निरूपित किया है ।

शब्दालङ्कारों में—पुनरुक्तवदाभास, अनुप्रास, यमक, श्लेष, वक्रोक्ति, भाषासम, श्लेष, चित्र एवं प्रहेलिका हैं । भाषासम का वर्णन इन्होंने सर्वप्रथम किया है ।

विश्वनाथ ने अपने पूर्वाचार्यों से पाँच नये अलङ्कारों का निरूपण किया है—श्रुति, अन्त्यनुप्रास, भाषासम, अनुकूल एवं निश्चय ।

CCO. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अप्पयदीक्षित के 'चित्रमीमांसा' और कुवलयानन्द दो अलङ्कारविषयक ग्रन्थ है। 'चित्रमीमांसा' नामक ग्रन्थ में इन्होंने १२ अलङ्कारों का निरूपण किया है जो चिम्नप्रकार है--उपमा, उपमेयोपमा, अनन्वय, स्मरण, रूपक, परिणाम, ससन्देह, भ्रान्तिमान्, उल्लेख, अपह्नुति, उत्प्रेक्षा एवं अतिशयोक्ति। अतिशयोक्ति अलङ्कार तक ही यह समाप्त हो जाता है।

'कुवलयानन्द' ग्रन्थ में इन्होंने १२३ अलङ्कारों का विवेचन किया है। इन अलङ्कारों में अपने समय तक सभी अलङ्कार उनमें है और शेष १७ अलङ्कारों को वढ़ाया है। ये हैं--प्रस्तुतांकुर, अल्प, कारकदीपक, भिथ्याध्य-वसिति, ललित, अनुज्ञा, मुद्रा, रत्नावली, विशेषक, गूढ़ोक्ति, विकृतोक्ति, युक्ति, लोकोक्ति, छेकोक्ति, निरुक्ति, प्रतिषेध एवं विधि। इन अलंकारों की उद्भावना का श्रेय इनको नहीं दिया जा सकता वरन् इनके सूत्र भोज, शोभाकरमित्र एवं यशस्क के ग्रन्थों में प्राप्त होते हैं।

इस अलंकार ग्रन्थ में केवल अर्थालंकारा का विवेचन है शब्दालंकार का नहीं!

पण्डितराज जगन्नाथ ने 'रसगंगाघर' ग्रन्थ के द्वितीय आनन में उपमा से उत्तर तक ७० अलङ्कारों का विवेचन किया है। इन्होंने शब्दालङ्कार की चर्चा नहीं की है। तिरस्कार नामक नवीन अलङ्कार की कल्पना की है। इनके ग्रन्थ अधूरे ही है।

आचार्य विश्वेश्वर पण्डित ने रुय्यक, जयदेव, शोभाकर मित्र, विश्वनाथ, अप्ययदीक्षित एवं पण्डितराजजगन्नाथ प्रभृति आचार्यों के द्वारा पढ़ाये गये अलङ्कारों के संख्या को रोकने के लिए प्रयत्न किया। इन्होंने मम्मट द्वारा वर्णित ६१ अर्थालङ्कारों का विवेचन कर शेष अलङ्कारों का इन्हीं में अन्तर्भाव किया।

कतिपय अलङ्कार और विश्वेश्वर :

जगन्नाथ ने दीक्षित के मत का खण्डन किया है उनके अनुसार दीक्षित का रूपक में बिम्बप्रतिबिम्बभाव न मानना भ्रान्ति के कारण ही है।

कुवलयानन्द में विषय एवं विषयी के अभेद एवं ताद्रूप्य वर्णन को रूपक कहा गया है। तात्पर्य यह है कि उपमेय को उपमान के रूप में रंग देना ही रूपक है। यह क्रिया दो प्रकार से होती है—अभेद एवं ताद्रूप्य के द्वारा।

पण्डितराज ने अपनी परिभाषा में नवीनता ला दी है। इनके अनुसार उपमेयतावच्छेदक को आगे रखकर, शब्द द्वारा निश्चित की जाने वाली,

CCO. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

उपमेय में उपमान की एकरूपता ही रूपक है। यदि वह रूपक यहाँ शोभा-जनक हो तो रूपक अलंकार होगा।,

विश्वेश्वर पण्डित ने कहा है उपमान और उपमेय में भेदप्रतीति के होते हुए भी कवि अपनी आहार्य क्रिया के द्वारा उनकी भिन्नता को छिपाकर उनमें अभेद स्थापित कर देता है जिससे दोनों की भिन्नता हट जाती है और अत्यधिक सादृश्य के कारण उनमें अभेद स्थापित हो जाता है।

पण्डितराज जगन्नाथ के अनुसार प्रवृत्त तथा अप्रवृत्त का एक साधारण धर्म में अन्वय दीपक अलंकार होता है।

संजीवनीकार विद्याचक्रवर्त्ती ने दीपकविवेचन इस प्रकार किया है— प्रस्तुत और अप्रस्तुत का परस्पर वास्तविक किन्तु गम्य सादृश्य दीपक होता है। इसके क्रियादीपक और कारकदीपक दो भेद हैं। वाक्य के आदि, मध्य और अन्त में प्रयुक्त होने से पुनः तीन प्रकार का होने से ६ प्रकार का माना जाता है।

उपमा अलंकार का व्यवहार ऋग्वेद से चला आ रहा है। आचार्य भामह ने उपमा का लक्षण यह दिया है—'देश, काल और क्रिया आदि से विरुद्ध उपमान के साथ गुणलेश के कारण उपमेय की समानता उपमा कहलाती है।

तात्पर्य यह है कि यद्यपि उपमान और उपमेय न एक स्थान के ही होते हैं, न केवल एक काल के और न उनकी क्रियाएँ ही समान होती है तथापि थोड़ी-गुण की समानता के कारण उनकी परस्पर तुलना ही उपमा है।

पण्डितराज जगन्नाथ के अनुसार जहाँ प्रस्तुत धर्मी का व्यवहार साधारण-विशेषमात्र के द्वारा उपस्थापित अप्रस्तुत धर्मी के व्यवहार से अभिन्न भासित होता हो वह समासोक्ति है।

विश्वेश्वर ने समासोक्ति का लक्षण इस प्रकार किया है—जहाँ केवल विशेषणवाचक पद ही वाच्य और व्यंग्य दोनों अर्थों में समान हों और उनकी शक्ति से अप्रकृतार्थ का कथन हो तो वह समासोक्ति अलंकार है।

पण्डितराज जगन्नाथ के अनुसार जिसका जिस पदार्थ से भिन्न होना यथार्थ में ज्ञात होता है, उस पदार्थ की वैसे भिन्न पदार्थ के रूप में की जाने वाली ऐसी संभावना, जो उन दोनों पदार्थों में किसी सुन्दर धर्म के निमित्त मानकर की गई है उसे उत्प्रेक्षा कहते हैं।

CCO. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

आचार्य विश्वेश्वर ने उत्प्रेक्षा के लिए संभावना और सादृश्य दोनों का प्रयोग किया है।

आचार्य विश्वेश्वर के अनुसार—वस्तु का जो स्वभाव होता है उसका निर्वचन स्वभावोक्ति होगा। अर्थात् व्यक्तिविशेष के अपने असाधारण धर्म का वर्णन स्वभावोक्ति कहलाएगा। इन्होंने स्वभाव के दो भेद किये हैं—साधारण तथा प्रातिस्विक।

पण्डितराज जगन्नाथ ने उपमेय धर्म का निषेध दिखलाते हुए आरोपित किये जानेवाले उपमान के अभेद कथन को अपह्नुति अलकार माना है।

आचार्य विश्वेश्वर पंडित ने प्रकृत का शब्दतः या अर्थतः निषेध कर उसके साथ उपमान के तादूप्य-स्थापन को अपह्नुति अलंकार माना।

इन्होंने अपह्नुति के ६ भेद दिये हैं—शुद्धापह्नुति, हेत्वपह्नुति, पर्यस्तापह्नुति, भ्रान्तापह्नुति, छेकापह्नुति, कैतवापह्नुति।

पण्डितरात जगन्नाथ के अनुसार केवल प्रकृतों अथवा केवल अप्रकृतों का गुण क्रिया आदि रूप का किसी एक धर्म मे अन्वय तुल्ययोगिता अलंकार है।

प्रेस के संचालक में दक्ष श्री व्रजरत्नदास गुप्त की पुनः-पुनः संशोधन करने पर भी उद्वेगशून्यता देखकर उनके धैर्य की प्रशंसा करना मेरा कर्त्तव्य होता है।

मेरे प्रमाद को ही समर्पित करते हुए विद्वज्जन ग्राह्य अंश का रसास्वादन कर मेरे श्रम को सफल करें।

विद्वज्जनचरणचञ्चरीक

महाप्रभु गोस्वामी

CCO. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CCO. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अलङ्कारप्रदीपः

CCO. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CCO. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

श्रीविश्वेश्वरपण्डितविरचितः

अलङ्कारप्रदीपः

श्रीमहाप्रभुलालगोस्वामिप्रणीत-कुसुमलताख्यहिन्दीव्याख्योपेतः

श्रीगणेशाय नमः ॥

ॐनमः सकलगोपवधूनां स्वात्मनि प्रवणिदप्रणयाय ।
धर्मवासरगमाऽवसरोद्यद्वारिवाहरुचिराय चिराय ॥ १ ॥

सभी गोपिकाओं को अपने हृदय में स्थित प्रेमास्पद ग्रीष्मकाल के व्यतीत होने पर आकाश में परिव्याप्त मेघ के सदृश स्निग्ध श्यामल चिरन्तन परम कमनीय कान्तिवाले (श्रीकृष्ण) को नमस्कार करता हूँ ॥ १ ॥

विधाय वाचस्पतये धराया लक्ष्मीधरायाभिमतं प्रणामम् ।
विश्वेश्वरोऽर्थं[1] विशदं वितन्वन् करोत्यलङ्कारकुलप्रदीपम् ॥२॥

वसुन्धरा के लक्ष्मीधर वाचस्पति को यथोचित प्रणाम कर विश्वेश्वर अर्थालङ्कारों के विस्तृत व्याख्यान के द्वारा अलङ्कारसमूहों का प्रकाशक, अर्थात् अलङ्कारप्रदीप की रचना करता है ॥ २ ॥

तत्र—

चमत्कारप्रयोजकं सादृश्यवर्णनमुपमा ॥ १ ॥

चमत्कार का प्रयोजक सादृश्य (मूलक) वर्णन उपमा (अलङ्कार) है ।

सा च पूर्णा लुप्ता चेति द्विविधा । यत्रोपमानमुपमेयं सामान्यधर्म इवादिपदं चेति चतुष्टयमुपात्तं सा पूर्णा ॥ १ ॥

उपमा पूर्णा और लुप्ता के भेद से दो प्रकार की है। जहाँ उपमान, उपमेय, सामान्य धर्म और इव आदि पद इन चारों का निर्देश रहता है, वह पूर्णा उपमा अलङ्कार है ।

---

१. अर्थम् अर्थालङ्कारम् । शब्दालङ्काराणां यमकानुप्रासादीनामन्यत्र विस्तरतो निरूपितत्वादर्थालङ्काराणामेव विशदीकरणे यत्नः ।

CCO. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

यथा —

विकसितमभिरामतमं रदनद्युतिकेसरं रुचिरपत्रम् ॥
अलकश्यामलमाननमलिमलिनं नलिनमिव तस्याः ॥

जैसे:—विकसित सुन्दरतम दाँत की कान्ति के समान केसर = किञ्जल्कवाले सुन्दर किसलययुक्त, केश के समान श्यामवर्ण भ्रमरों से मलिन नीलकमल के समान उसका मुख है।

धर्माभिधाने च बहवः प्रकाराः। अत्रोक्ताः षट्। विकसितमित्युपचारः[1]। पद्मे पत्रविभागात्मकमुख्यो विकाशः, मुखे तूपचारादुल्लासविशेषः। अभिरामेत्यनुगामित्वम्[2] रदनद्युतिवत्केसराणि यत्रेति पद्मपक्षे, रदनद्युतय एव केसराणि यत्रेति मुखपक्षे इति समासभेदः। पत्रपदस्य दलपरत्वं कस्तुर्यादिपत्रलेखापरत्वं चेति श्लेषः। कुन्तलभ्रमरयोर्बिम्बप्रतिबिम्बभावः[3]। स च वस्तुतो भिन्नयोरप्योऽन्यसादृश्यादभिन्नतयाध्यवसितयोः प्रयोगः श्यामलत्वं मालिन्यं चाभिन्नतया तद्विशेष्यतयोपात्तमिति वस्तुप्रतिवस्तुभावः[4]।

धर्म के कहने के अनेक प्रकार हैं। यहाँ छः प्रकार कहे गये हैं। विकसित यह सादृश्य लक्षणा मूलक है, कमल में सभी कमल दल का विभाग स्वरूप मुख्य विकास है। मुख में उल्लास-विशेष-सादृश्य लक्षणा से है। क्योंकि विकासबाधित होने से सादृश्य मूलक उल्लास में, लक्षणा से इस धर्म का अवगत है। अभिराम=सुन्दर, यह कमल = उपमान, मुख=उपमेय इन दोनों का अनुगत है, दन्तकान्ति के समान केसर = किञ्जल्क जिसमें=पद्म में है, मुखपक्ष में दन्तकान्ति ही केसर स्वरूप जहाँ है=ऐसा अर्थ होता है—यह अर्थ समास के भेद से होता है। पत्रपद दल अर्थ का बोधक है या कस्तूरी आदि पत्र लेखा अर्थ का बोधक है। श्लेष अलङ्कार के द्वारा दोनों अर्थों की प्रतीति होती है। केश और भ्रमर में

---

१. उपचारः सादृश्यलक्षणा।

२. उपमानोपमेयोभयानुगतत्वम्।

३ अत्र उपमेयवृत्तिधर्मस्य बिम्बता उपमानवृत्तिधर्मस्य च प्रतिबिम्बतेत्यालङ्कारिकसम्प्रदायः।

४. प्रतियोगिभेदेन एकस्यैव धर्मस्य द्विरुपादानं वस्तुप्रतिवस्तुभावः। स च शुद्धो न सम्भवति, किन्तु बिम्बप्रतिबिम्बभावे विशेषणतया विशेष्यतया वा। प्रकृते च एक एव धर्मः श्यामलमलिनपदाभ्यां विशेष्यतया निर्दिष्टः। केचित् 'विमलं वदनं तस्या निष्कलङ्कमृगाङ्कति' इत्यादौ शुद्धोऽपि वस्तुप्रतिवस्तुभावः सम्भवति, वैमल्यनिष्कलङ्कत्वयोर्भेदाभावेन बिम्बप्रतिबिम्बभावाभावादित्याहुः।

CC0. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

बिम्ब और प्रतिबिम्ब भाव है। उपमेयवृत्ति धर्म में बिम्बत्व और उपमानवृत्ति धर्म में प्रतिबिम्बता है। वस्तुतः भिन्न दो पदार्थों में परस्पर सादृश्य के कारण अभिन्न रूप में प्रतीत होने के कारण इस प्रयोग में किसी प्रकार की अनुपपत्ति नहीं है।

प्रतियोगी के भेद से एक ही धर्म का दो बार कथन वस्तु-प्रतिवस्तु भाव है। बिम्ब-प्रतिबिम्ब भाव में यह शुद्ध नहीं हो सकता है, किन्तु विशेषण या विशेष्य रूप में हो सकता है। प्रकृत पक्ष में एक ही धर्म श्यामल और मलिन दो पदों के द्वारा विशेष्य रूप में निर्दिष्ट है। स्थल विशेष में वस्तु-प्रतिवस्तु भाव शुद्ध भी होता है—"विमलं वदनं तस्या निष्कलङ्कमृगाङ्कति" वैमल्य और निष्कलङ्कत्व में भेद न होने पर भी बिम्ब-प्रतिबिम्ब भाव होता है। श्यामलत्व और मालिन्य के अभिन्न होने पर भी विशेष्यरूप में दोनों धर्म कहे गये हैं।

इवादिपदयोगे इवार्थकवतिप्रत्यये चोपमा श्रौती, तुल्यादियोगे तुल्यार्थकवतिप्रत्यये च आर्थीति सिद्धान्तः। आर्थी यथा पूर्वश्लोके "अवलाया अलिमलिननलिनतुल्यम्" इति पाठे इति बोध्यम्।

इव आदि के प्रयोग में एवं इवार्थकवति प्रत्यय के होने पर श्रौती उपमा रहती है, तुल्यार्थक वति प्रत्यय के प्रयोग में आर्थी उपमा होती है। पूर्व श्लोक में 'अवलाया अलिमलिननलिनतुल्यम्' इस प्रकार प्रयोग करने पर आर्थी उपमा होती है ॥ १ ॥

लुप्ता त्रिविधा—एकलुप्ता, द्विलुप्ता, त्रिलुप्ता चेति। तत्राद्या त्रिधा धर्मलुप्ता वाचकलुप्तोपमानलुप्ता चेति। धर्मलुप्ता पञ्चधा[२]।

लुप्त उपमा तीन प्रकार की है। एक लुप्ता, दो लुप्ता, और तीन लुप्ता। एक लुप्ता भी तीन प्रकार की है— धर्मलुप्ता, वाचकलुप्ता और उपमानलुप्ता।

प्रकृत में प्रयोग का अभाव रूप लोप विवक्षित है, सर्वथा धर्म आदि का न होना ही अभिप्रेत नहीं है,। अन्यथा उपमा नहीं हो सकती है। कहीं शास्त्र और कहीं कवि की इच्छा के कारण प्रयोग का अभाव रहता है। धर्मलुप्ता पाँच प्रकार की है।

१ वाक्यगत धर्मलुप्ता, २ समासगत धर्मलुप्ता। इस प्रकार श्रौती दो प्रकार की है। वाक्यगत, समासगत और तद्धितगत—इस प्रकार तीन तरह की आर्थी धर्म-लुप्ता उपमा है। इनको मिलाकर धर्मलुप्तोपमा पाँच प्रकार की होती है।

---

१. अत्र प्रयोगाभावरूपो लोपो विवक्षितो न तु सर्वथाऽभावरूपः अन्यथोपमाया एवानिष्पत्तेः। स च क्वचिच्छास्त्रकृतः क्वचिच्च कवयित्रिच्छाकृत इति बोध्यम्।

२. वाक्य-समासगतत्वेन द्विविधा श्रौती, वाक्य-समास-तद्धितगतत्वेन त्रिविधा आर्थी इति मिलित्वा धर्मलोपे पञ्चविधा लुप्तोपमा।

CC0. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

यथा —

मध्ये यथा विहायस्तडिदिव तनुरक्षि तुल्यमब्जेन ।
अधरः सुधासधर्मा कुशेशयाक्षि ! त्वमुर्वशीदेश्या ।।

जैसे :—हे कमलनेत्रे ! तुम्हारा मध्य शरीरभाग आकाश विद्युत् के समान, नेत्र कमल के समान, अधर अमृत के समान धर्मयुक्त तुम उर्वशी के सदृश हो। अर्थात् मध्यभाग अतिशय कृश है।

अत्र वाक्ये समासे च श्रौत्यार्थी च । तद्धिते आर्थी च स्पष्टा । तद्धिते श्रौत्या धर्मलुप्ताया असम्भवात् । वाचकलुप्ता षड्विधा ।

यहाँ वाक्य और समास में (क्रमशः) श्रौती और आर्थी है । तद्धित मे आर्थी स्पष्ट है। श्रौती तडिदिव, और अधरः सुधासधर्मा, नेत्र कमल के समान ।

समासगत— सुधासधर्मा , कुशेशयाक्षि है। तद्धितगता—उर्वशीदेश्या ।) तद्धित में श्रौती धर्मलुप्तोपमा सम्भव नहीं है, क्योंकि तद्धित प्रत्यय के विना वाक्य से यह प्रतीति सम्भव नहीं है। वाचकलुप्ता(उपमा) छः प्रकार की है।

यथा —

वियुक्ताश्चाम्पेयान्यहह दहनीयन्ति मलया—
निलाः श्वासायन्ते तव, नवसुधाधाममधुरे ।
शरव्यीयत्यन्तर्मदनविशिखस्तस्य, भवतीं
रतिश्लेषं श्लिष्यन् कुसुमशरचारं चरतु सः ।।

जैसे:—अहो ! किञ्जल्क या केशर त्रियोगियों के लिए अग्नि के समान आचरण करता है, मलयवायु तुम्हारे श्वास का आचरण करता है, नवीन अमृत समूहके समान मधुर है ? उसके वह कामवाण अन्तर्हृदय को विद्ध करता है। आलिङ्गन करता हुआ कामवाण के समान आचरण करता है।

अत्र श्वासायन्त इति कर्तरि क्यङ् । सुधाधाममधुरे इति 'उपमानानि सामान्यवचनैः' (२।१।५५) इति समासभेदः । दहनीयन्ति शरव्यीयतीति कर्मण्यधिकरणे क्यच् । रतिश्लेषं श्लिष्यन्निति कर्मणि णमुल् । कुसुमशरचारं चरत्विति कर्तरि णमुल । उपमानलुप्ता द्विधा ।

श्वास के समान आचरण करता है कर्ता में क्यङ् प्रत्यय कर श्वासायन्ते प्रयोग में धर्म का लोप है। सुधा समूह के समान मधुर यहाँ उपमानानि सामान्यवचनैः (२।१।५५) इस सूत्र से समास होने से समास गत धर्म लुप्तोपमा है । दहनीयन्ति और शरव्यीयति ये दोनों कर्म में अधिकरण में क्यच् प्रत्यय है । रतिश्लेपं श्लिष्यन् इसमें कर्म में णमुल् प्रत्यय है। कुसुमशरचारं चरतु यह कर्ता में णमुल् प्रत्यय है। उपमान लुप्ता दो प्रकार की है।

CCO. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

यथा—

[1] चेतःसंवननं न विद्म इव तत् त्वं गीयसे यत्समा ।
[2] नेत्रासेचनकं च यस्य भवती कल्याणि तुल्या भवेत् ।
तेन त्वत्कुचजातरूपकलशे विन्यस्यमानो मुदा
यूनस्तस्य नवप्रवालतु करः पुष्पाशुगीयत्ययम् ॥

जैसे—हे कल्याणि ! तुम जिसके समान हो उस चित्त के वशीकरण को, जिसके समान है उसको नहीं जानते हैं, नेत्र के अतृप्तिकर अर्थात् सदा देखने की इच्छा वाले पदार्थ के सदृश हो, इसलिए उस युवक का आनन्दपूर्वक कुच स्वर्णकलश पर रखा गया नव प्रवाल कर कामबाण के समान आचरण करता है ।

अत्र पूर्वार्द्धे समासे वाक्ये चोपमानमप्रयुक्तम् । द्विलुप्ता पञ्चविधा । क्विप्समासयोर्द्धर्मवाचकलुप्ता यथा—"नवप्रवालतु कर" इति । अत्राचारार्थकस्य क्विप् इवशब्दस्य च लोपात् । अग्रिमपद्ये च 'बिम्बाधर' इति । अत्रोत्तरपदलोपिसमासे सदृशपदलोपे (वाचक) धर्माप्रयोगयोः सत्वात् । पुष्पाशुगीयतीति क्यचि वाचकोपमेयलुप्ता । पुष्पाशुगमिवात्मानमाचरतीत्यर्थे उपमेयस्यात्मन इवशब्दस्य च प्रयोगाभावात् ।

पूर्व के आधे श्लोक में समस्त और वाक्य दोनों मे उपमान का प्रयोग नहीं हैं—अतः उपमान लुप्ता है । उपमान और धर्मलुप्ता उपमा पाँच प्रकार की है—

क्विप् प्रत्यय और समस्त में धर्मवाचक लुप्ता उपमा है । यथा—नव प्रवाल सदृश कर, यहाँ आचार अर्थ को कहने वाले क्विप् और इव शब्द का लोप है, और आगे के पद्य में बिम्ब के समान अधर = बिम्बाधर इस पद में उत्तरपदलोपी समास (मध्यमपदलोपी समास मे) सदृश वाचक शब्द और धर्म का अप्रयोग है, पुष्पाशुगीयती=पुष्पबाण के समान आचारणकर्ता आचार अर्थ में क्यच् प्रत्यय होने से वाचक पद और उपमेय का लोप है पुष्पाशुगकामबाण के समान अपना आचरण करता है इस अर्थ में उपमेय उपमान और इव शब्द का प्रयोग न होने से उपमेय और सदृश के वाचक शब्द का लोप उपमेय और वाचक लुप्तोपमा हैं ।

त्वद्बिम्बाधरवृत्तेः साम्यस्य निरूपको यः स्यात् ।
यत्सादृश्यं दृश्यपि स दृश्यते नैव हरिणाक्षि ! ॥

हे हरिणनयने ! तुम्हारे बिम्ब सदृश अधर के वर्तन (ज्ञान) के सादृश्य निरूपक जो है, उसके ज्ञान में भी जो सादृश्य है वह भी कहीं दिखाई नहीं देता है ।

---

१. संवननं वशीकरणम् 'वशक्रिया संवननम्' इत्यमरात् ।

२. तदासेचनकं तृप्तेर्नास्त्यन्तो यस्य दर्शनात् । इत्यमरः ।

CC0. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अत्र वाक्ये समासे च धर्मोपमानलुप्ता। त्रिलुप्ता यथा -'हरिणाक्षि' इति। हरिणस्याक्षिणी इवाक्षिणी यस्या इति धर्मोपमानवाचकलुप्ता। इत्थमेकोनविंशतिभेदा लुप्ता।

प्रस्तुत वाक्य और समास में धर्म और उपमान लुप्ता उपमा है। धर्म, उपमान और वाचक तीन का लोप जिसमें है, ऐसी त्रिलुप्ता उपमा हरिणाक्षि ! अर्थात् हरिण के नेत्र के समान नेत्र हैं जिसके इस समस्त पद में है। यहाँ धर्म उपमान और वाचक शब्द तीनों का लोप है। इस प्रकार २१ प्रकार की लुप्तोपमा है।

एकस्मिन्नुपमेये बहूपमानसादृश्यं मालोपमा।

एक ही उपमेय में अनेक उपमान का सादृश्य मालोपमा है।

यथा—

रमन्ते मालायामिव कुसुममय्यां मधुकरा-
श्चमत्कारोद्रेकादिव रुचिचकोरा हिमरुचः।
सरस्यां सौरभ्यादिव वरतनु ! श्वेतगरुतो
भवत्यामेतस्यां मम हृदयवृत्तिव्यतिकराः॥

जैसे—हे सुन्दररमणि ! कुसुममयी माला में मधुकर गण के समान रमण करते हैं, चमत्कार के उद्रेक से प्रिय हिमरूप चकोर के समान, तालाव में सुगन्ध के कारण हंसगण के समान, आपकी माला में मेरी हृदयवृत्ति का सम्बन्ध है, रमण करते हैं।

पूर्वपूर्वोपमायामुपमेयस्योत्तरोत्तरोपमायामुपमानत्वेन कथनं रशनोपमा।

पूर्व पूर्व उपमा में उपमेय का उत्तर उत्तरवर्ती उपमा का उपमान के रूप में कथन रशनोपमा है।

यथा—

अधर इवोक्तिर्मधुरा तनुलक्ष्मीरुक्तिवद्विशदवर्णा।
तनुरिव मनोहरा दृग्दृगिव मृगाक्ष्याः सुदुःसहो विरहः॥

जैसे—अधर के समान वचन मधुर है, शरीर (शोभा या लावण्य) वाणी के समान विमल वर्णवाली है, शरीर के समान मनोहर नेत्र हैं, नेत्र के समान मृगनेत्री का विरह अतिशय दुःसह है।

आरोप्यस्यारोपविषयतादात्म्यापत्त्या प्रकृतोपयोगः परिणामः।

आरोप्य का आरोपविषय के साथ तादात्म्य होने से प्रकृत में उपयोग परिणाम है।

CCO. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

यथा—
बालेयं सविलासं विवलितवदना विलोकयति ।
कमनीयतैकनिधिना प्रसेदुषा नेत्रनलिनेन ॥

जैसे—यह मृदुमुखी बाला, विलासपूर्वक लावण्य के निधानस्वरूप विमल नेत्र-कमल से देख रही है।'

नेत्रमिव नलिनमिति रूपकस्वीकारे नलिनस्य विशेष्यतया वीक्षणानुपयोगः। न चोपमा, नेत्रं नलिनमिवेति समासस्य दुर्लभत्वात् कमनीयेत्यादि-सामान्यधर्मप्रयोगात्। 'उपमितं व्याघ्रादिभिः सामान्याप्रयोगे' (२।१।५६) इति सूत्रात्। अतो नलिनस्य नेत्रतादात्म्यापत्त्यैव प्रकृतोपयोगः।

नेत्र के समान कमल यह रूपक मानने पर कमल के विशेष्य होने से अवलोकन का उपयोग नहीं हो सकता है, और यह उपमा भी नहीं है, नेत्र नलिन के समान इस विग्रह में समास ही दुर्लभ है, क्योंकि कमनीयता आदि सामान्य धर्म का प्रयोग रहने से 'उपमितं व्याघ्रादिभिः सामान्याप्रयोगे' इस सूत्र के द्वारा सामान्य धर्म का प्रयोग न रहने पर ही समास का विधान किया गया हो। अतः नलिन=कमल का नेत्र के साथ तादात्म्य कर ही प्रकृत में उपयोग सम्भव है

सामान्येन निरूपितस्य विशेषेण निरूपणमुदाहरणम्[1] ॥ ३ ॥

सामान्य रूप से निरूपित विषय का विशेष रूपसे निरूपण होने पर उदाहरण अलङ्कार होता है ॥ ३ ॥

यथा—
हेयः सन्नपि विषयः स्वरूपतोऽस्मि-
न्नादेयो भवति समीहितानुकूलः ।
चन्द्रास्ये ! हृदयकदर्थनानिदानं
सम्भोगानुगुणतयेव विप्रलम्भः ॥

---

१. विशेषेण सामान्यसमर्थनरूपार्थान्तरन्यासभेदेन नास्य गतार्थता, यथेवदृष्टान्तादिशब्दघटितत्वादस्य तद्रहितत्वाच्चार्थान्तरन्यासस्य। इवशब्दघटितस्थले उपमया गतार्थत्वशङ्कापि न कार्या, लक्षणयेवादेः सामान्यविशेषात्मकवाक्यार्थयोरवयवावयविभावपरत्वेन उपमाप्रयोजकसादृश्यासमुल्लासात्। इवादिरहितस्थले आर्थेनानेनैवोपपत्तौ नार्थान्तरन्यास आश्रयणीय इति न वक्तव्यम्। द्वयोर्वैलक्षण्यस्य जागरूकत्वात्। तथा हि—यत्र विशेषवाक्यार्थेन सामान्यवाक्यार्थः समर्थ्यते तत्र द्वयी गतिर्भवति। अनुवाद्यांशे विशेषत्वं विधेयांशस्तु सामान्यगत इत्येका, उभयांशेऽपि विशेषत्वमित्यन्या। तत्र पूर्वा उदाहरणालङ्कारस्य विषयः। अन्या अर्थान्तरन्यासस्य इत्यादि रसगङ्गाधरे उदाहरणालङ्कारप्रकरणे अर्थान्तरन्यासप्रकरणे च प्रतिपादितम्।

CCO. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

जैसे—हे चन्द्रमुखि ! हृदय के कष्ट का साधन विप्रलम्भ=वियोग सम्भोग के अनुरूप होने से अभीष्ट के अनुगुण=अनुकूल होने से इसमें स्वरूपतः हेय-विषयता होने पर भी ग्राह्य ही है।

[विशेष से सामान्य का समर्थन रूप अर्थान्तरन्यास के भेद में यह अलङ्कार गतार्थ नहीं है। क्योंकि अर्थान्तरन्यास यथा, इव दृष्टान्त आदि शब्द से रहित होता है और उदाहरण अलङ्कार इससे घटित होता है। इव शब्द का प्रयोग रहने पर उपमा से इस अलङ्कार की गतार्थता सम्भव नहीं है। सामान्य विशेष रूप वाक्यार्थों में लक्षणा से इव आदि शब्द अवयव-अवयविभाव परक है, अतः इव आदि शब्द सादृश्य का प्रत्यायक नहीं है। इव आदि के प्रयोग से शून्य स्थल में इस अर्थ से ही उपपत्ति होने से अर्थान्तर न्यास का आश्रयण नहीं करना चाहिए यह कथन भी ठीक नहीं है, दोनों की विलक्षणता स्पष्ट है। क्योंकि जहाँ विशेष वाक्यार्थ से सामान्य वाक्यार्थ का समर्थन होता है वहाँ दो गति हो सकती है:—

(१) अनुवाद्य अंश में विशेषता और विधेयांश सामान्यगत होता है।

(२) दोनो अंशों में विशेषत्व रहता है। इनमें पूर्व उदाहरण अलङ्कार का विषय है अतः इससे अन्य अर्थान्तरन्यासालङ्कार का विषय है।

उपमानोपमेययोर्ज्ञायमानमैक्यमनन्वयः ॥ ४ ॥

उपमान और उपमेय में ज्ञायमान की एकता अनन्वय अलङ्कार है ॥ ४ ॥

यथा —

तत्तत्सुन्दरभावभावकधियां सन्दाननं मन्दिरं
मन्दाक्षस्य विलासमानभवनं शीलैकशालायिता ॥
अन्यस्माद्विषयान्मनोनयनयोर्व्यावृत्तिमातन्वती
लोकेऽस्मिन्वरवर्णिनि ! त्वमिव मे सत्यं त्वमाभाससे ॥

जैसे—विशेष-विशेष सुन्दर भाव-भावना-सम्पन्न बुद्धियों का खण्डन, सङ्कुचित नेत्रों का अर्थात् लज्जा का स्थानभूत विलास और मान का भवन शील की शाला स्वरूप, अन्य विषयों से मन और नयन की निवृत्ति कराती हुई, हे वरवर्णिनि ! अपने समान तुम स्वयं हो ऐसी प्रतीति मुझे होती है।

सर्वथैवोपमाननिषेधोऽसमः ॥ ५ ॥

सर्वथा उपमान का निषेध असम अलङ्कार है ॥ ५ ॥

यथा—

भवदौपम्यनिरूपकमभिदधतां बालिशा बहुशः ।
इह सहृदयो रहस्यं व्याहरति न किञ्चिदस्तीति ॥

CCO. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

जैसे:—अनेक मूर्खगण तुम्हारे सदृश निरूपक का भले ही अभिधान करे किन्तु सहृदय रहस्य का उपस्थापन करते हुए सत्य ही कहता है कि कोई भी पदार्थ तुम्हारे सदृश नहीं है। अर्थात् तुम सर्वथा असम हो।

परस्परसादृश्यमुपमेयोपमा ॥ ६ ॥

परस्पर सादृश्य का निरूपण उपमेयोपमा है ॥ ६ ॥

यथा—

मदनमतिवेलयन्ती दिक्ष्ववदातत्वमादधती।
त्वं चन्द्रिकेव विदिता वरवर्णिनि ! चन्द्रिका त्वमिव ॥

अनन्वये उपमानान्तरव्यवच्छेदो व्यङ्ग्यः, असमे वाच्यः, उपमेयोपमायां तृतीयोपमानव्यवच्छेदो व्यङ्ग्य इति विशेषः।

जैसे:— हे वरवर्णिनि ! काम को अतिशय उत्तेजित करती हुई दिशाओं में नैर्मल्य सम्पादन करती हुई तुम चन्द्रिका के समान प्रसिद्ध हो, और चन्द्रिका तुम्हारे समान है। अनन्वय में अन्य उपमान का निराकरण व्यङ्ग्य रहता है और असम अलङ्कार में वाच्य रहता है। उपमेयोपमा में तृतीय उपमान का व्यवच्छेद व्यङ्ग्य रहता है।

प्रकृतेऽप्रकृततादात्म्यसम्भावनमुत्प्रेक्षा ॥ ७ ॥

प्रस्तुत में अप्रस्तुत का साम्यसम्पादन उत्प्रेक्षा है ॥ ७ ॥

सा त्रिविधा। स्वरूपहेतुफलभेदात्।

वह तीन प्रकार की है :—

(१) स्वरूप, (२) हेतु, (३) और फल के भेद से।

स्वरूपोत्प्रेक्षा यथा —

(१) स्वरूप उत्प्रेक्षा यथा :—

नवजपाकुसुमद्युतिपाटलो विधुमुखि ! प्रतिभाति तवाधरः।
तरुणतातरुणा नवपल्लवो विशदतामुपनीत इव स्वयम् ॥

हे चन्द्रमुखि ! नवीन जपापुष्प की कान्ति के समान रक्तवर्ण तुम्हारा अधर है, यौवन वृक्ष के द्वारा नवीन पल्लव का स्वयं विकास सम्पादित किया गया है !

अत्राधरे तादात्म्येन पल्लवस्यारोपः।

यहाँ अधर में तादात्म्य के रूप में पल्लव का आरोप है।

हेतूत्प्रेक्षा यथा—

(२) हेतु की उत्प्रेक्षा यथा :—

अंहस्संहतियोगादिव मुक्तानां हिमे सरोजानाम्।
मलिनं मण्डलमिन्दोरवदातं तव मुखं सुकृतैः ॥

CCO. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

पाप समूह के योग से हिमकाल में सरोज मुक्ता के समान इन्दु का मण्डल मलिन है और पुण्यों से तुम्हारा मुख विशुद्ध=निर्मल है।

अत्र स्वकृतादृष्टविशेषो मुखलावण्यहेतुः तत्र तादात्म्येन कमलसुकृतस्यारोपः। एवमन्यदप्यह्यम्।

प्रस्तुत पद्य में तुम्हारे द्वारा सम्पादित अदृष्ट विशेष मुख के लावण्य का साधन है और वहाँ तादात्म्य के रूप में कमल के पुण्य का आरोप है। इसी प्रकार अन्य उदाहरणों का भी समन्वय करना चाहिए।

फलोत्प्रेक्षा यथा—

(३) फल की उत्प्रेक्षा। यथा :—

चक्षुस्त्वदीक्षणोत्सुकमाकर्णितभवदुदन्तवृन्देन।
तस्याः श्रोत्रेण समं मिलितुमिव तदन्तिकं याति॥

तुम्हारी चर्चाओं के सुनने के कारण, तुमको देखने की उत्कण्ठा से उसके नेत्र कानों से मिलने के लिए उनके समीप जाता है।

अत्र तदन्तिकगमनफलं तत्संयोगः तत्र वृत्तान्तश्रवणेच्छाजन्यत्वस्य तादात्म्येनारोपः॥ ८॥

अर्थात् कर्णान्ति नेत्र है। कान के समीप जाने का फल उसका संयोग है वहाँ वृत्तान्त श्रवण इच्छाजन्यत्व का तादात्म्य रूप से आरोप है।

साद्दश्यनिबन्धनः प्रकृतसंशयः सन्देहः॥ ८॥

साद्दश्य निबन्धन प्रस्तुत संशय सन्देह अलङ्कार है॥ ८॥

वितर्क-विकल्प-रूपकनिरूपणम्।

वितर्क-विकल्प-निरूप का निरूपण।

यथा—

प्रसूनसमवायिभिर्मलयजस्य चारम्भकै-
र्मृणालपरमाणुभिः किमु कलाभिरिन्दोः किमु।
व्यधायि किमु वेधसा कुसुमधन्वनाऽहो इति
प्रिये तव कलेवरं समवलोक्य सन्दिह्यते॥

जैसे—हे प्रिये! तुम्हारे शरीर को देखकर सन्देह होता है कि पुष्पसमूहों से या मलयजन्य आरम्भक-मृणाल परमाणुओं से या इन्दु की कलाओं से, कुसुम धनुष धारण करने वाले विधाता ने ही तुम्हारा निर्माण किया है क्या?

संशयोत्तरमनिर्णये ऊहो वितर्कः॥ ९॥

संशय के बाद अनिर्णय की स्थिति में तर्क-वितर्क है॥ ९॥

CCO. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

यथा—

किमेतद्राजीवं रजनिषु तदुल्लासरहितं
सुधांशोर्बिम्बं किं तदपि च कलङ्कं कलयति।
किमादर्शः स्पर्शो भवति कठिनोऽस्येति दयिता-
मुखं साक्षात्कुर्वन्सहृदयजनोऽभ्यूहतितमाम्॥

अत्र यदीदं कमलं स्यात्तर्हि रात्रावुल्लासवन्न स्यात् इति तर्कस्यापातात् यो रात्रावुल्लासाभावः स च मुखे नास्तीति तात्पर्यम्।

जैसेः—रमणी के मुख का साक्षात्कार कर सहृदय व्यक्ति यह वितर्क करते हैं कि क्या यह कमल है, नहीं, वह निशा में शोभा रहित रहता है, क्या यह चन्द्र विम्व है, किन्तु वह कलङ्क युक्त है, क्या यह ऐनक है? नहीं उसका तो कठिन स्पर्श रहता है, रमणी के मुख का साक्षात् अवलम्बन कर सहृदय जन ऐसा वितर्क करते हैं।

प्रकृत के यदि यह मुख कमल रहता तो रात्रि में उल्लास सम्पन्न नहीं रहता इस तर्क की उपस्थिति से कमल में निशा में जो उल्लास शून्यता है वह मुख में नहीं है—यह तात्पर्य है।

विरुद्धयोः पाक्षिकी प्राप्तिर्विकल्पः॥ १०॥

विरुद्ध विषयों की पक्ष में प्राप्ति विकल्प अलङ्कार है॥ १०॥

जीवनहेतोर्दयिततमस्य प्राणस्य वैष सखि!।
आगमने गमने वा दिवसं समुपैत्यवधिरद्य॥

अत्र प्रियतमस्यागमनं प्राणगमनं वेत्यन्यतरस्य पाक्षिकी प्राप्ति॥ १०॥

जैसे :—हे सखि! प्राण के जीवन साधन प्रियतम के आगमन और प्राण के गमन में दिवस व्यतीत हो रहा है, आज अवधि है।

प्रियतम का आगमन या प्राण का गमन इनमें एक की पाक्षिक प्राप्ति है॥१०॥

उपमेये उपमानतादात्म्यारोपो रूपकम्॥ ११॥

उपमेय में उपमान के तादात्म्य का आरोप रूपक है॥ ११॥

तच्च द्विविधम्। सावयवनिरवयवभेदात्। तत्र सावयवं द्विविधम्। (समस्तवस्तुविषयमेकदेशविवर्ति च।) सर्वेषामारोप्यारोपविषयाणां शब्दोपात्तत्वे समस्तवस्तुविषयम्।

रूपक दो प्रकार का है :—(१) सावयव, (२) निरवयव।

सावयव भी दो प्रकार का है :—(१) समस्त-वस्तु-विषय, (२) एक-देश-विवर्ती।

सभी आरोप्य और आरोप विषयों के शब्द से कथित रहने पर समस्त वस्तु विषय का रूपक है।

CCO. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

यथा—

कस्तूरिकातिमिरतो मलिनीयमानौ
वामेक्षणे ! भवदुरोरुहचक्रवाकौ ।
हाराग्रहीरकसुधानिधिपद्मराग-
भानू निरीक्ष्य भवतो न मिथः पृथग्वा ॥

जैसे—हे वामनेत्रे ! कस्तूरिका कि श्यामता से मलिनता प्राप्त आपके वक्षःस्थल उत्पन्न चक्रवाकद्वय आपके हारवलय के अग्र भाग स्थित हीरक युक्त अमृत सागर पद्मराग सूर्य को देखकर यह नहीं अवगत हुआ कि ये एक हैं या अलग हैं।

जहाँ कोई अर्थ कवि की इच्छा से प्रसूत रहता है, कोई अर्थ से लब्ध अर्थ रहता है—वह एक-देश-विवर्ती रूपक है।

यत्र केचिदिच्छावहः[1] केचिदार्थास्तदेकशविवर्ति ।

यथा—

[2]चुम्बिता सुमनसामनेहसा स्नेहसारसदृशं वनस्थली ।
आतनोति कलकण्ठकूजितं सीत्कृतं कुवलयाक्षि ! भावय ॥

जैसे :—हे कमलनेत्रे ! वसन्त के द्वारा वनस्थली चुम्बित हुई स्नेह पूर्व के समान कोकिल कण्ठ कूजितसीत्कार का विस्तार कर रही है, देखो।

अत्र वसन्ते आरोप्यो नायकः, वनस्थल्यां नायिका चेति द्वयमर्थगम्यम् । पिकरवे सीत्कृतारोपेण तदाक्षेपः ।

यहाँ वसन्त में आरोप्य नायक और वनस्थली में आरोप्य नायिका दोनों ही अर्थात् गम्य है, क्योंकि पिक के शब्द में सीत्कार का आरोप होने से इस अर्थ का आक्षेप होता है।

निरवयवं यथा—

प्रगल्भेभ्योऽप्यन्तःकरणतरलत्वापहरणं
यतस्तेभ्यस्तेभ्यो भजति विषयेभ्यो विमुखताम ।
शरद्राकाजैवातृकमुखि ! विना त्वां प्रियतमो
निपीतायाः सोऽयं त्वदधरसुधाया मधुरिमा ॥

निरवयव रूपक, यथा:—

हे शरत्कालीन-पूर्णिमा-चन्द्र-मुखि ? तुम्हारे विना भी निपीत तुम्हारी अधरसुधा की प्रियतम मधुरिमा, अन्तःकरण द्रुति को अपहरण करने में प्रौढ़ उन सभी विषयों से विमुखता को प्राप्त करता है।

---

१. इच्छावहाः, ऐच्छिकाः शब्दोपात्ता इति यावत् ।

२. सुमनसामनेहसा, वसन्तेन ।

CCO. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अत्रैक एवारोपः।

प्रस्तुत में एक ही आरोप है।

एकस्मिन्नुपमेये बहूपमानतादात्म्यारोपो मालारूपकम् ॥११॥

श्लेष के अभाव में यथा :—

एक ही उपमेय में अनेक उपमान के तादात्म्य का आरोप माला रूपक है ॥११॥

यथा—

पुष्पेषोर्वीरयात्राजयपटहरवोऽपूर्वश्रृङ्गारसूत्र-
व्याख्याभाष्यप्रपञ्चस्तरुणिमकरिणो बृंहितस्यानबन्धः।
सौन्दर्यैकप्रशस्तिर्निधुवनकलहोपक्रमस्वस्तिवादः
श्रुत्योः पीयूषपूरो जयति कलकलं कामिनीकाञ्चिदाम्नः॥

जैसे :—कामदेव की वीरयात्रा प्रसङ्ग में जय ढक्का शब्द, अपूर्व-श्रृङ्गार सूत्रकी व्याख्या भाष्य प्रपञ्च, तारुण्ययुक्तहस्ति वृन्द का उपक्रम सम्बन्ध, सौन्दर्यात्मक प्रशस्तिसे केलि-कलह का उपक्रम का स्वस्तिवाचन कर्णों के लिए अमृतमय कामिनी की रशना करधनी का कल-कल शब्द सभी की अपेक्षा उत्कृष्ट रूप से वर्तमान है।

आरोपान्तरसापेक्ष आरोपः पारम्परितम्।

अन्य आरोप सापेक्ष आरोप पारम्परित अलङ्कार है॥ ११॥

(तच्च श्लिष्टाश्लिष्टशब्दनिबन्धनत्वेन द्विविधम्)

यह श्लिष्ट और अश्लिष्ट शब्द के भेद से दो प्रकार का है।

यथा—

रागोत्तरेण रजनी निधिना कलानां
सौरभ्यवैभववता परिरभ्यमाणा।
उत्सार्यमाणतिमिरोत्करकेशपाशा
ताराः प्रसूननिवहानिव निर्जहाति॥

जैसे—कलाओं के निधि सौरम्य वैभव सम्पन्न के द्वारा अतिशय अनुराग पूर्वक-पूर्वतः आलिङ्गित रजनी अन्धकार रूपी केश समूह तारकों को पुष्प समूह के समान परित्याग कर फैला देती है।

अत्र कलानिधिपदं श्लिष्टम्।

इसमें कलानिधि पद श्लिष्ट है। चन्द्रमा या सुरतकलामर्मज्ञ।

CC0. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

श्लेषाभावे यथा—

अन्तर्निगूढमपि गुम्फितगूढभाव-
कोलाहलं कलहहालहलं सहेलम् ॥
सद्योऽपसारयति भीरु ! रसालवीरु-
द्बद्धावधानमधुपध्वनिसिद्धमन्त्रः ॥

श्लेषभाव में जैसे—हे भीरु ! अन्दर में निहित व्यक्त रहस्यात्मक कोलाहल कामिनियों के शृङ्गार-भावजन्य रतोत्सव कलह विष को आम्रवृक्ष मञ्जरी पान-साधना सम्पन्न भ्रमर-ध्वनि सिद्ध मन्त्र तुरत ही दूर कर देते हैं ।

अत्र (कलहे) विषारोपस्तदपनायकत्वेन भ्रमरगुञ्जिते मन्त्रारोपे निमित्तम् ।

इस में कलह में विष का आरोप उसके दूर करने में भ्रमर गुञ्जन में मन्त्र के आरोप का कारण है ।

प्रसिद्धक्रमाणामेकत्रोपनिबन्धनं रत्नावली ॥ १२ ॥

प्रसिद्ध क्रमों का एक जगह में उपनिबन्धन प्रयोग रत्नावली अलङ्कार है ॥१२॥

यथा—

[1]लक्षमनङ्गस्य मतं कलेवरं तव सुधांशुमुखि ! ।
अब्जं पुनस्तनुभृतां ततः परार्द्धं सहृदयानाम् ॥

जैसे—हे चन्द्रमुखि ! तुम्हारा शरीर कामदेव शरव्य या लक्ष संख्या है, शरीरधारियों के लिए पद्म या पद्म संख्या है, सहृदयों के लिए सर्वश्रेष्ठ चरम संख्या है ।

अत्र लक्षादिसङ्ख्यानां श्लेषेण निबन्धनम् ।

प्रकृत में लक्ष आदि संख्याओं का श्लेष से निबद्ध किया गया है ।

प्रकृतनिषेधविशिष्टस्तदन्यारोपोऽपह्नुतिः ॥१३॥

प्रस्तुत के निषेध के साथ अन्य का आरोप अपह्नुति है ॥ १३ ॥

निषेधो द्विधा शाब्दश्चार्थश्च ।

शाब्दिक और आर्थिक के भेद से निषेध दो प्रकार का है ।

शाब्दे निषेधे यथा—

सुन्दरि ! नेन्दुरयं किमु नभोऽङ्गणे तारातण्डुलजिघत्सुः ।
हरिहयहरिन्महेलाहेलापारावतः स्फुरति ॥

---

१. लक्षे शरव्ये सङ्ख्यायामिति विश्वः । अब्जं कमलं तद्वत्सुकुमारत्वात् । पक्षे शतकोटिसङ्ख्या । परार्धं श्रेष्ठम् । पक्षे सङ्ख्यान्तरानपकृष्टसङ्ख्याविशेषः ।

CCO. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

शब्द निषेध जैसे—हे सुन्दरि ! तारक रूपी तण्डुल को खाने का इच्छुक, आकाश-रूपी प्राङ्गण में क्या यह इन्दु नहीं, अपितु वानर, घोडा, हरित् महेला क्रीडा कबूतर स्फुरित होता है।

आर्थे यथा—

ताटङ्कमौक्तिकमिषाद्वरतनु ! नक्षत्रपङ्क्तिरियम्।
किमपि परिष्कुरुते तव शब्दग्रहसाधनं गगनम्[1] ॥

आर्थिक जैसे—हे सुन्दरगात्रे ! ताटङ्क मुक्ता के व्याज से यह नक्षत्र पंक्ति है, तुम्हारे शब्द साक्षात्कार साधन गगनरूपी कर्णेन्द्रिय को परिष्कृत कर रहा है।

अत्र मिषपदेन नैतानि मौक्तिकानि किंतु श्रोत्रस्याकाशात्मकतया तदीय-नक्षत्राणीति गम्यते। अत्रैव कैतवापह्नुतिरिति व्यवहारः। क्वचित्सहेतुको विषयनिषेधः[2] ।

मिष=व्याज पद के द्वारा ये मौक्तिक नहीं है, किन्तु कान आकाश स्वरूप होनेसे उसके तारक हैं यह अवगत होता है, यहाँ व्यापक से अपह्नुति का व्यावहार है, कहीं कारण पूर्वक विषय का निषेध है। विषयी अर्थात् धर्मी के रहने पर विषय अर्थात् धर्म का निषेध होता है। कुवलयानन्द में हेतु अपह्नुति शब्द से यही कहा गया है।

यथा—

न वयमवयवार्थस्यान्वयादन्वयामो[3]
मतिमिह हिमधामाभेदमुद्गाहमानाम्[1] ॥
विरहिनयनमीनत्रासदाने निदानं
गगनसरसि खेलन्व्यंसकोऽयं चकास्ति[2] ॥

जैसे—अवयवार्थ के सम्बन्ध से हम गतिशील नहीं हैं। हिम से अभिन्न स्थान जिसका है उससे अभेद का आलोडन करने वाली बुद्धि इस प्रसङ्ग में विरही के नयन रूपी मछली को भय प्रदान करने का कारण गगन सरोवर में क्रीडा करता हुआ धूर्त देदीप्यमान हो रहा है।

---

१. शब्दसाक्षात्कारहेतुभूतमाकाशं श्रोत्रेन्द्रियमिति यावत्। कर्णशष्कुल्यवच्छिन्न-नभस एव श्रोत्रत्वात्।

२. यस्मिन् विषयिणि धर्मिणि यो विषयः धर्मस्तस्य निषेधः। अयमेव कुवलयानन्दे हेत्वपह्नुतित्वेनोक्तः।

(३) अन्वयाम इति अनुदात्तेत्वप्रयुक्तात्मनेपदानित्यत्वश्रयणेन अयगतौ इत्यस्य, इट किट कटी इत्यत्र प्रश्लिष्टस्य ईधातोर्वाऽनुपूर्वस्य रूपमिति ध्येयम्।

१. हिमधामाभेदम् हिमाभिन्नं धाम यस्य स तदभेदम्।

२. व्यंसको धूर्तः।

CCO. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

प्रकृत में चन्द्र में चन्द्रत्व का निषेध में आह्लादकत्व अर्थात् आनन्दप्रदत्व के अभाव को साधन कहा गया है। किसी-किसी स्थल में विषय के हेतु के कहने पर भी विषय का निषेध किया जाता है।

यथा—

प्रकाशादाशानां तिमिरनिकुरम्बाणि तिरय-
त्यशक्यं सङ्कोचं गमयति समूहं जलरुहाम् ॥
तथापि प्रज्ञेयं हृदि सहृदयानाममुदयते
विधुर्नायं किन्तु प्रणयिनि ! मुखं ते विधुरिति ॥

जैसे :—हे प्रणयिनि ! प्रकाश के द्वारा दिशाओं के अन्धकार समूह का नाश कर रहा है, कमल समूह को विकसित कर रहा है, किन्तु सहृदयों के मन में ऐसा भान हो रहा है कि यह चन्द्रमा नहीं है, अपितु तुम्हारा मुख ही चन्द्रमा है।

स्वकीयतात्पर्यख्यापनेन परभ्रान्तिखण्डनं भ्रान्त्यपह्नुतिः ॥ १ ॥

अपने तात्पर्य के प्रकाशन के द्वारा दूसरे की भ्रान्ति का खण्डन भ्रान्ति अपह्नुति अलङ्कार है।

यथा—

दूरीकरोति कुचयोः सिचयोपराग-[1]
मासञ्जयत्यवयवेषु परागयोगम् ।[2]
किं भेजिषे विषयतां मलयानिलस्य
मुग्धे ! न, किन्तु हृदयाभिमतस्य तस्य ॥

जैसे :—हे मुग्धे ! कुचों के साथ वस्त्र का सम्बन्ध हटा रहा है, अवयवों में सुरत-श्रम शान्ति के साधन कर्पूर आदि का चूर्ण अर्थात् धूलि संश्लिष्ट हो रही है। क्या मलयानिल की विषयता का भजन कर रही है, नहीं ऐसी बात नहीं है, वरन् उसके हृदय के अभिमत का चिन्तन कर रही है।

परकीयप्रमाखण्डनाय स्वतात्पर्यं स्यान्यथाकरणं छेकापह्नुतिः ॥ २ ॥

दूसरे के यथार्थज्ञान के खण्डन के लिए अपने तात्पर्य का भिन्न रूप से प्रकाशन छेकापह्नुति है ॥ २ ॥

यथा—

आकुलयति कुचमुकुलं चुम्बति बिम्बाधरं दृशौ स्पृशति ।
दयिततमः किमधिगतो न हि सहचरि ! विभ्रमन्भ्रमर ॥

जैसे :—हे सखि ! कुच कलिका को व्यथित कर रहा है, बिम्ब सदृश अधर का चुम्बन कर रहा है, दोनों नेत्रों का आलिङ्गन कर रहा है, क्या प्रियतम आ गया है, नहीं, घूम रहा भ्रमर है।

---

१. सिचयस्य वस्त्रस्य उपरागं सम्बन्धम् ।

२. परागः धूलिः सुरतश्रमशान्तिनिमित्तककर्पूरादिचूर्णं च ।

CCO. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अप्रकृतनिषेधविशिष्टप्रकृतस्थापनं निश्चयः ॥ १४ ॥

अप्रस्तुत का निषेध पूर्वक प्रस्तुत का स्थापन निश्चय अलङ्कार हैं ॥ १४ ॥

यथा—तीरे[1] तरणिसुतायास्तमालविथीयमुल्लसति ।
किमिति त्वरया दूरादध्वग ! नावं गवेषयसि ॥

अत्र तमालमालायां भ्रान्त्या प्रसक्तं यमुनातादात्म्यं निषिध्य वस्तुतस्तमालमालातादात्म्यस्य स्थापनम् ।

जैसे :—हे पान्थ ! यमुना के तीर पर तमाल की यह पंक्ति शोभायमान है, क्यों दूर से शीघ्रता वश नौका का अन्वेषण कर रहे हो ।

कालिन्दी के तट पर बर्तमान तमाल माला को देखकर यमुना जल की भ्रान्ति से नौका का अन्वेषण करने वाले पथिक की भ्रान्ति को दूर करते हुए यह कहा गया है ।

प्रकृत में तमाल माला में यमुना के तादात्म्य की भ्रान्ति का प्रतिषेध कर वस्तुतः इसमें तमालमाला में तादात्म्य की स्थापना की गई है ।

शब्दैक्ये सत्यनेकार्थकथनं श्लेषः ॥ १५ ॥

शब्द के एक होने पर अनेक अर्थ का कथन श्लेष है ॥ १५ ॥

स च द्विधा । अभङ्गसभङ्गभेदात् ।

यथा—पूर्वा[2] हरिदपि तमसा श्यामेयमकारि जृम्भमाणेन ।
तस्यामेव कलानिधिराधास्यति रागमुद्गच्छन् ॥

अत्रैकानुपूर्वीकपदानामेव भिन्नार्थकत्वम् । द्वितीयो भिन्नानुपूर्वीकशब्दबोध्यान्यार्थकः । स चाष्टधा । वर्ण-पद-लिङ्ग-भाषा-प्रकृति-प्रत्यय-विभक्ति-वचनभेदात् ।

जैसे :—पूर्व दिशा अन्धकार से श्याम वर्णा होने पर भी उसी दिशा में चन्द्रमा के उदय के द्वारा राग को = लालिमा को फैलायेगा इस पक्ष में हरित् दिशा और हरित् वर्ण ये दोनों अर्थ होते हैं, श्यामा नायिका और कृष्ण वर्ण ये दोनों अर्थ होते हैं, कलानिधि चन्द्र और विदग्ध, राग लाल रङ्ग और अनुराग दोनों अर्थ होता है, अतः एक ही अनुपूर्वी के पदों से भिन्न अर्थों का प्रतिपादन होता है ।

---

१. अत्र कालिन्दीतीरलग्नतमालमालायां कालिन्दीभ्रान्त्या नावं गवेषयन्तं पान्थं प्रति कयाचित् तद्भ्रमखण्डनेन तरणोपायो नापेक्षित इति प्रतिपाद्यते ।

२. अत्र हरित् दिक् हरिद्वर्णा च, श्यामा नायिका कृष्णरूपा च, कलानिधिश्चन्द्रो विदग्धश्च, रागं रक्तवर्णत्वम् अनुरागं च इति एकानुपूर्वीमद्भिः पदैर्भिन्नार्थप्रतिपादनादभङ्गश्लेषः ।

CC0. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

दूसरा भिन्न अनुपूर्वी के शब्दों से अन्य अर्थ की बोधकता। यह आठ प्रकार की है। १ वर्ण, २ पद, ३ लिङ्ग, ४ भाषा, ५ प्रकृति, ६ प्रत्यय, ७ विभक्ति, और ८ वचन के भेद से'।

वर्णश्लेषो यथा—

खञ्जनमञ्जुलनयने ! त्वया समासञ्जितो यदसौ।
तेन तदीयावयवा बाधां दधतीति साधीयः॥

अत्र असु—असिशब्दयोरसाविति सप्तम्येकवचने तुल्यम्।

वर्णश्लेष जैसे :—हे खञ्जन के समान सुन्दर-नेत्रवाली ! तुम्हारे द्वारा बाण या तलवार से भलीभाँति विद्ध होने पर उसके अवयव बाधा प्रदान कर रहे हैं—यह ठीक ही है।

यहाँ असु और असि शब्दों का 'असौ' यह रूप सप्तमी के एकवचन में होता है। दोनों शब्दों के सप्तमी के एक-वचन में समान रूप होता है।

पदश्लेषो यथा—

अलकावलोकने तव[1] सारम्भा मम दृगुत्सुकिता।
उपरुद्धा निकषाभवचेलेन वतान्तरा मिलता॥

अत्रालकानाम् अलकाया वेत्यादिपदभेदः।

पदश्लेष जैसे :—अलकों के (केशों के) या अलकापुरी के अवलोकन से उपक्रम करनेवाली रम्भा अर्थात् स्वर्ग की वेश्या ममत्व शून्य दृष्टि से उत्कण्ठित हुई मध्य में मिलने वाले रावण से समीप में रोकी गई।

यहाँ पर अलकों के या अलका के इत्यादि पद भेद है।

लिङ्गभेदो यथा—

दधती मदनविकारं कमलानां मालिकामुपहसन्ती।
यूनां मनो हरन्ती सुतनु ! त्वं च त्वदीयनेत्रे च॥

लिङ्ग भेद जैसे :—हे सुन्दर-शरीरवाली ! कामविकार को धारण करती हुई कमलों की मालिका का उपहास करती हुई, युवकों के मन को हरण करती हुई ये तुम्हारे नेत्र हैं।

भाषाश्लेषो यथा—

साहसकी सरसं तं मोहं मा गच्छ भण सुमासवहम्।
इत्याहेत्यभिदधतीं दयिततमो मानिनीमनुनिनीषन्॥

---

१. सारम्भा कृतोपक्रमा सा रम्भा स्वर्वेश्या, अममदृक् ममत्वशून्य निकषाभवं समीपस्थं चेलं वस्त्रं तेन प० निकषाभवो राक्षसः चेलः कु रावणेनेत्यर्थः। उत्तरकाण्डस्येयं कथा।

CCO. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अत्र तं पूर्वकालीनं मद्विषयकं (रसं) मोघं व्यर्थं कस्मात्कथयसि, मा आगच्छ आगमन-(प्रयोजन) स्य मत्परिरम्भादेर्दुर्लभत्वात्, भण मा शपथमिति नायिकावाक्यार्थः । साहसकी साहसयुक्ता, सरसं साभिनिवेशम्, मोहं मदपराधभ्रमं मा गच्छ माप्नुहि सुमानां पुष्पाणाम् आसः क्षेपः तद्वहं तद्वत्सुकुमारं यथा स्यात्तथा भण न तु निष्ठुरमिति नायकवाक्यार्थः ।

भाषाश्लेष जैसे :—पूर्ववर्ती उस मेरे विषय के रस को व्यर्थ क्यों कहते हो, मत आओ, क्योंकि आगमन के प्रयोजन जो मेरे साथ आलिङ्गन आदि दुर्लभ है; कसम मत कहो—यह नायिका का वाक्यार्थ है। साहसयुक्त, साभिनिवेश मेरे अपराध को मत प्राप्त करो, पुष्पों को फेकने को धारण करने वाले के समान सुकुमार कहो, निष्ठुर मत कहो—यह नायक वाक्य का अर्थ है।

प्रकृत्यादिचतुष्टयश्लेषो यथा—

माकन्दः[1] कुसुमं प्रधास्यति मधुप्रस्यन्दमिन्दिन्दिरः
श्रोतारः पिककूजितानि परमामार्तिं गमिष्यन्ति च ।
प्रत्यक्षं मलयानिलस्य सुरभिस्पर्शौ समायास्यतः
सञ्चिन्त्येति मनो वियुक्तसुतनोः सख्यश्च गाते श्रमम् ॥

प्रकृति, प्रत्यय, विभक्ति और वचनों के भेद से जैसे :—

मधु-प्रस्यन्दनशाली मधुकर कुसुम धारण करेंगे या पान करेंगे, पिककूजित को सुनने वाला अतिशय कष्ट प्राप्त करेंगे, आती हुई मलयानिल का प्रत्यक्ष सुगन्ध और स्पर्श प्राप्त करते हुए वियुक्त सुन्दर शरीर का और मित्र को मन से सोंचकर श्रम प्राप्त करेंगे।

प्रस्तुत पद्य में प्रधास्यति यह धारण और पोषण अर्थ को कहने वाले धाञ् धातु या धेट् पाने का रूप है—यह प्रकृति श्लेष है। 'श्रोतारः' यह श्रुधातु के लुट्लकार एवं तृन् प्रत्यय के बहुवचन का रूप है। तृन् पक्ष में "न लोकाव्ययनिष्ठाखलर्थतृनाम् (२–३–६९) इससे षष्ठी का निषेध होता है। "सामायास्यतः" यह षष्ठ्यन्त मलयानिल का विशेषण है या क्रियापद है—यह विभक्ति श्लेष है। 'गाते' यह गाङ् गतौ धातु के एकवचन और बहुवचन में तुल्य रूप है। यहाँ वचन-श्लेष है।

---

१. प्रधास्यति इति धाञो धेटश्च रूपम्। अत्र प्रकृतिश्लेषः। श्रोतारः इति श्रुधातोर्लुटि' तृनि च बहुवचने रूपम्। तृन्पक्षे 'न लोकाव्ययनिष्ठाखलर्थतृनाम् (२।३।६९) इति षष्ठीनिषेधः। अत्र प्रत्ययश्लेषः। समायास्यतः इति षष्ठ्यन्तं मलयानिलस्य इत्यस्य विशेषणम्, क्रियापदं वा। अत्र च विभक्तिश्लेषः। गाते इति गाङ् गतौ इत्यस्य एकवचने बहुवचने च तुल्यं रूपम्। अत्र वचनश्लेषः। श्रमं = खेदम्।

CCO. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

प्रकृतवृत्तान्तेनाप्रकृतप्रतीतिः समासोक्तिः ॥ १६ ॥

प्रकृत वृत्तान्त से अप्रस्तुत प्रतीति समासोक्ति है ॥ १६ ॥

यथा—ऊर्ध्वीकृत्य ग्रीवां चकोरि ! किं वा दिदृक्षसे चन्द्रम् ।
अयथास्थानस्थापितपञ्जररुद्धं न वेत्सि स्वम् ॥

अत्र प्रकृतचकोरीव्यवहारेण क्वचिदनुरक्तायाः पराधीननायिकायाः प्रतीतिः । अत्र प्रकृतेऽप्रकृतनायिकादिव्यवहार एवारोप्यत इति सर्वस्वकारादयः । नायिकात्वादिकमप्यारोप्यत इति रसगङ्गाधरादयः ।

हे चकोरि ! ग्रीवा को ऊपर कर चन्द्रमा को देखने की इच्छा करती हो, अनुचित स्थान में स्थापित पञ्जर में अवरुद्ध अपने को नहीं समझती हो ।

यहाँ प्रस्तुत चकोरी के व्यवहार से कहीं अनुरक्त पराधीन नायिका की प्रतीति होती है। यहाँ प्रकृत में अप्रकृत नायिका के व्यवहार का आरोप किया जाता है । यह सर्वस्वकार आदि ने कहा है ।

नायिका त्वादि का भी आरोप है—यह रसगङ्गाधरकार ने कहा है ।

अन्वयानुपपत्त्या सादृश्यपर्यवसानं निदर्शना ॥ १७ ॥

अन्वय की अनुपपत्ति से सादृश्य में पर्यवसान निदर्शना है ॥ १७ ॥

यथा—वदनमधि विधुविधुन्तुदमृधमाधुर्य्यं दधाति वाष्पाम्बु ।
कज्जलमलिनितमक्ष्णोरम्बुजरोलम्बसम्बलनम् ॥
अन्यदीयधर्मस्यान्येन धारणानुपपत्त्या सादृश्यसिद्धिः ॥

जैसे :—मुख चन्द्रमा पसीने की बूंद जो चन्द्र के पीडादायक माधुर्य्य को धारण करता है। कज्जल से मलिन भ्रमर समूह को धारण करते हैं । अन्य के धर्म का अन्य के द्वारा धारण की अनुपपत्ति से सादृश्य की सिद्धि होती है ।

क्रियया हेतुहेतुमद्भावप्रतीतिर्द्वितीया निदर्शना ॥ १ ॥

क्रिया के द्वारा हेतुहेतुमद्भाव की प्रतीति द्वितीय निदर्शना है ॥ १ ॥

यथा—मुधैव विरुणद्धि योऽधिकगुणेन सार्द्धं, स त-
न्निरूपितपराभवं भजति भावये भामिनि ! ।
भवद्वदनभव्यतां समभिमन्यमानो विधुः
कपोलफलके तव प्रतिफलन् पराभूयते ॥

जैसे :—हे भामिनि ! अधिक गुण के कारण व्यर्थ ही जो विरोध करते हैं; वह उसके कारण पराजय को अनुभव करते हैं—यह मैं समझता हूँ। तुम्हारे मुख

CCO. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

के सौन्दर्य को मानने वाला चन्द्रमा कपोल पटल पर प्रतिबिम्बित हो पराजित होता है।

अत्र स्वोत्कृष्टविरोधः पराभवहेतुरिति सामान्यकार्यकारणभावः पूर्वार्द्धप्रतिपाद्यः। तत्रोत्तरार्द्धं दृष्टान्तः। तत्र वदनं गुणाधिकविशेषः चन्द्रोऽपकृष्टविशेषः। कार्यमुभयत्र पराभव एव।

अपने से उत्कृष्ट का विरोध पराजय का कारण है, अतः सामान्य कार्य-कारण-भाव पूर्वार्द्ध का प्रतिपाद्य है और इसमें उत्तरार्द्ध दृष्टान्त है। मुख में गुण की अधिकता से विशेष और चन्द्र में अपकृष्टता से विशेष है, दोनों स्थलों में पराभव ही कार्य है।

प्रकृतमनुपन्यस्य तत्स्थानीयवाक्यार्थान्तरोपन्यासो ललितम् ॥१८॥

प्रस्तुत निर्देशकर तत्स्थानीय अन्य वाक्यार्थ का निर्देश ललित है ॥ १८ ॥

यथा—मधुरतामवधेहि मधोरिमां मलयमारुतमाकलयाबले!।
किमिति नावदधासि मुधाऽवुधे! विधिवशान्निधिमाहितसन्निधिम् ॥

अत्र स्वयमागतं नायकं किमित्युपक्षसे इति प्रकृतमनभिधाय तत्समजातीयस्य स्वयमुपस्थितनिधिं कस्मान्नाद्रियसे इत्यस्योपन्यासः।

जैसे:—हे अवले! मधुमास की मधुरता का अवधारण करो, मलय मारुत को समझो, हे ज्ञानशून्ये! भाग्यवश समीप में प्राप्त निधि को क्यों नहीं आदर करती हो।

प्रकृत में यह कहा गया है कि स्वयं आये हुए नायक की क्यों उपेक्षा करती हो, इस प्रस्तुत को न कह कर उसके समान स्वयं उपस्थित रत्न का क्यों नहीं आदर करती हो इसका निर्देश किया गया है।

अप्रकृतवृत्तान्तेन प्रकृतप्रतीतिरप्रस्तुतप्रशंसा ॥ १९ ॥

अप्रस्तुत वृत्तान्त से प्रस्तुत प्रतीति अप्रस्तुतप्रशंसा है ॥ १९ ॥

सा च पञ्चविधा। कार्ये प्रस्तुते कारणस्योक्तिर्यथा—
धुरि मधुरिमभराणामधीयते मधु मुच्चैव वैधेयाः[1]।
बिम्बाधरं वधूनामभिदधति विशुद्धधीनिधयः ॥

अत्र नायिकामात्राऽऽसक्तौ वाच्यायां तद्धेतोरधरमाधुर्यस्याभिधानम्।

वह पांच प्रकार की है। कार्य के प्रस्तुत रहने पर कारण का कथन।

जैसे:—मूर्खगण व्यर्थ ही मधु को माधुर्य्य में श्रेष्ठ है मानते हैं, विशुद्ध ज्ञान

1. मूर्खवैधेयबालिशा इत्यमरः।

CC0. Vasishtha Tripathi Collection. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

सम्पन्न व्यक्तियों ने नायिकाओं के बिम्ब सदृश अधर को मधुरतम माना है। नायिका मात्र में आसक्ति को सूचन करने में लिए उसके कारण अधर के माधुर्य्य का अभिधान किया है।

कारणे प्रस्तुते कार्यस्योक्तिर्यथा—

जृम्भायामम्भोरुहवदनाया भवदवेक्षणभवायाम् ।
पुलकोदञ्चितकञ्चुकसन्धिभिराबन्धि चटचटाशब्दः ॥
अत्र सा त्वय्यत्यन्तमनुरक्तेतिवक्तव्ये तत्कार्यमुक्तम् ।

कारण के प्रस्तुत होने पर कार्य की प्रशंसा।

जैसे :—कमलमुखी आपके अवलोकन से उत्पन्न जम्भाई से पुलक के कारण उत्थित कञ्चुक सन्धियों से चटचटा शब्द बन्धन ने किया।

प्रकृत में वह तुम्हारे प्रति अतिशय अनुरक्त है इसको कहने की जगह उसके कार्य को कहा।

सामान्याभिधाने विशेषाभिधानं यथा—

शिञ्जानेन[1] समञ्जसमिह मञ्जीरेण खञ्जनाक्षि ! कृतम् ।
क्षणमलिगुञ्जितविरही दुरवस्थः स्यादशोककुसुमौघः ॥

अत्र यद्व्यतिरेको यदीयविलक्षणशोभाव्यतिरेकप्रयोजकस्तद्रहितस्य तस्य जन्मानर्थकमिति सामान्ये भ्रमरगुञ्जिताभावेऽशोककुसुमानां शोभाराहित्यमापादितम् ।

सामान्य कथन से विशेष कथन।

जैसे :—हे खञ्जननेत्रवाली ! मुखरित तुम्हारे नूपुर ने यहाँ इसे शोभा सम्पन्न किया, अन्यथा अशोक कुसुम समूह भ्रमरों के गुञ्जन से शून्य शोभाशून्य ही रहते।
